2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -283 शुक्रवार,19 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

ज्ञान की बातें

जब तक योग्य नहीं बनोगे तो तुम्हें योग्यता का परितोषिक कौन देगा?

-शरतचंद्र-

मोदी सरकार की 'डिजिटल स्ट्राइक'

फेक न्यूज सबसे बड़ी चुनौती,8 यूट्यूब चैनल को किया ब्लॉक

नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022। सरकार ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में 8 YouTube चैनलों को ब्लॉक कर दिया है।सोशल मीडिया के इस दौर में फेक न्यूज सबसे बड़ी चुनौती सरकार के लिए बन चुकी है। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लगातार इसके खिलाफ कार्रवाई करती रहती है।

केंद्र सरकार द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, 7 भारतीय और एक पाकिस्तानी यूट्यूब समाचार चैनल को IT नियम, 2021 के तहत ब्लॉक किया गया है। आपको बता दें कि इन यूट्यूब चैनलों को 114 करोड़ से अधिक बार देखा गया है। इसके अलावा इनके 85 लाख 73 हजार सब्सक्राइबर थे।

इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने में इस तरह की कार्रवाई की गई थी। केंद्र सरकार ने तब बड़ा फैसला लेते हुए 22 यूट्यूब चैनलों के भारत में प्रसारण पर रोक लगा दी थी। इन चैनलों को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर दिया गया था। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई थी। इन चैनलों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में ब्लॉक किया गया था। उनमें 18 भारतीय YouTube समाचार चैनल के अलावा 4 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल भी ब्लॉक किए गए थे।

ईडी ने मुख्तार अंसारी के लखनऊ-गाजीपुर समेत 11 ठिकानों पर मारा छापा

लखनऊ, 18 अगस्त 2022। बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कसता जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और गाजीपुर सहित कई शहरों में मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों के 11 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों ने दिल्ली, लखनऊ, गाजीपुर और मऊ के अलावा मुख्तार के मुहम्मदाबाद स्थित उसके घर पर भी छापेमारी की है।

रायगढ़ में हथियारों से भरी मिली नाव,एके-47 मिलने से हड़कंप

पानी के रास्ते घुसपैठ का खतरा,हाई अलर्ट

रायगढ़ , 18 अगस्त 2022। रायगढ़ जिले में आतंक की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है. जिले में दो संदिग्ध नावें मिली हैं, जिनमें एके-47 समेत कई हथियार बरामद हुए हैं. पुलिस ने इन नावों को जब्त कर लिया है. इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस को रायगढ़ से दो नावें मिली हैं, जिनमें पहली श्रीवर्धन तहसील के हरिहरेश्वर समुद्र तट पर और दूसरी भरन खोल के तट पर मिली है. हरिहरेश्वर बीच पर मिली नाव में 3 एके-47 मिली हैं, जबकि दूसरी नाव में लाइफ जैकेट और कुछ दस्तावेज हैं, जिसके बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया. दोनों नावों पर कोई मौजूद नहीं था. दो नावों के मिलने की घटना के बाद जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है.

माना जा रहा है कि ये हथियार किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए आतंकी इन हथियारों को समुद्र के रास्ते रायगढ़ लाए थे. फिलहाल इन नावों के मालिक और यह यहां कैसे पहुंची इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है.

सुरक्षा कंपनी के साथ संबंध?

सूत्रों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह ओमान की सुरक्षा नौका है, जो रायगढ़ तट पर आई है. इस नाव से एके-47 समेत कई हथियार भी बरामद हुए हैं, जो अब बेकार हो गए हैं, लेकिन पुलिस अभी इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

केंद्रीय एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है और वे भी जांच की निगरानी कर रही हैं. जानकारी के मुताबिक इस बोट का संबंध एक मल्टीनेशन कंपनी से है, जिसकी पुष्टि कंपनी ने की है. हालांकि, महाराष्ट्र एटीएस मौके पर पहुंच गई है और नाव की जांच की जा रही है.

कंपनी की ओर से बताया गया कि उसकी फर्म समुद्री सुरक्षा से जुड़ी है और उसकी एक नाव समुद्र में पलट गई, जिसे रायगढ़ में बरामद कर लिया गया है. कंपनी ने कहा कि वह घटना से अवगत है और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी प्रशासन के संपर्क में हैं.

संक्षिप्त समाचार

कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की तबीयत बिगड़ी,ब्रेन डेड की स्थिति में पहुंचे

नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को लेकर बड़े खबर आई है. बताया जा रहा है कि उनकी हालत पहले से ज्यादा खराब हो गई है. उनका ब्रेन लगभग डेड की स्थिति में पहुंच गया है. राजू के मुख्य सलाहकार अजित सक्सेना ने इस बात की जानकारी दी है. उन्होंने कहा हम सब अब भगवान के भरोसे हैं. वह कोई करिश्मा करें.

एम्स में भर्ती राजू श्रीवास्तव के मामले में आई ये खबर सही में चिंताजनक है. उनके मुख्य सलाकार अजित सक्सेना का कहना है कि आज सुबह डाक्टरों ने जानकारी दी है कि राजू का ब्रेन काम नहीं कर रहा है. वह लगभग डेड की स्थिति में है. हार्ट भी प्राबलम कर रहा है. हम सब लोग परेशान है. सब भगवान से प्राथना कर रहे है. परिवार के लोग भी कुछ समझ नहीं पा रहे हैं.

एक माह में कोरोना से मौतें 35 फीसदी बढ़ीं, डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने चेताया



नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022। कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले चार सप्ताहों में दुनियाभर में इस महामारी से मौतों की संख्या में 35 फीसदी की चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख डॉक्टर टेड्रोस घेब्रेयसस ने दुनियाभर के लोगों के लिए वीडियो संदेश जारी कर फिर चेताया है। यह लगातार तीसरा साल है, जब कोविड-19 वायरस समूची दुनिया के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। कोरोना महामारी को लेकर महामारी विशेषज्ञ व नेता बार-बार कह रहे हैं कि हमें कोरोना के साथ जीना सीखना होगा। इस पर घेब्रेयसस ने कहा कि हम यह नहीं मान लें कि बीमारी खत्म हो गई है। हमें इससे खुद के और दूसरों के बचाव के लिए साधनों से हमेशा लैस रहना होगा। घेब्रेयसस ने अपने ताजा संदेश में कहा, हम सब कोरोना वायरस व महामारी से थक व उब गए हैं, लेकिन यह वायरस अभी नहीं थका है। कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट अब भी प्रमुख वैरिएंट बना हुआ है। पिछले एक महीने में, क्ष5 सब स्ट्रेन 90 फीसदी से अधिक नमूनों में मिला है। अपने वीडियो संदेश में डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा- %एक चार सप्ताह में 15,000 लोगों ने कोविड से जान गंवाई। यह संख्या बर्दाश्त के बाहर है, क्योंकि हमारे पास संक्रमण को रोकने और लोगों की जान बचाने के लिए सारे संसाधन हैं। हम में से कोई भी असहाय नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति टीका लगवाए और जरूरत पड़ने पर बूस्टर (खुराक) लें। मास्क पहनें और सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखें।

बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन सुप्रीम कोर्ट की शरण में, हाईकोर्ट ने दिया है रेप का केस दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022। बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली हाईकोर्ट के रेप का केस दर्ज करने के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हुसैन ने सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की। हालांकि कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले को अगले हफ्ते सुनवाई के लिए पोस्ट किया।

हुसैन के खिलाफ जून 2018 में आईपीसी की धारा 376, 328, 120बी और 506 के तहत अपराध करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बाद में सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत एक आवेदन दायर कर शहर की पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की थी। नगर पुलिस द्वारा 4 जुलाई, 2018 को एमएम के समक्ष कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) दायर की गई थी, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि जांच के अनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं पाए गए।

केंद्र और बिहार सरकार में मंत्री रहे शाहनवाज हुसैन से जुड़े इस मामले की सुनवाई के दौरान जो बातें दिल्ली हाईकोर्ट ने कहीं उससे पुलिस भी सवालों के घेरे में आ गई है। दिल्ली

हाईकोर्ट की जस्टिस आशा मेनन की बेंच ने पीड़ित महिला की ओर से कुछ सालों पहले दी गई शिकायत पर कहा कि सभी तथ्यों को देखने से यह बात साफ हो रही है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने तक में पुलिस की ओर से पूरी तरह से अनिच्छा नजर आ रही है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की ओर से निचली अदालत में पेश की गई रिपोर्ट अंतिम रिपोर्ट नहीं थी।

शाहनवाज हुसैन पर क्या आरोप है?

दिल्ली निवासी महिला ने जनवरी 2018 में निचली अदालत में एक याचिका दायर की थी। याचिका दायर कर महिला ने शाहवाज हुसैन के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराने की अपील की थी। महिला का आरोप है कि शाहनवाज हुसैन ने छतरपुर फार्म हाउस में उसके साथ रेप किया। यही नहीं उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पुलिस ने कोर्ट में पेश रिपोर्ट में क्या कहा था?

पुलिस ने निचली अदालत में रिपोर्ट पेश कर कहा था कि शाहनवाज हुसैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। निचली अदालत ने अपने फैसले में पुलिस के तर्क को खारिज कर कहा था कि महिला की शिकायत में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। इन बातों को लेकर पुलिस खुद अब सवालों के घेरे में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा समूह में शामिल किये गए देसी नस्ल के कुत्ते

नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022। मुधोल हाउंड, कुत्तों की एक 'देसी' नस्ल को विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) दस्ते में शामिल किया गया है, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को सुरक्षा कवर प्रदान करेंगे। मुधोल हाउंड पीएम मोदी के एसपीजी दस्ते में पहली स्वदेशी नस्ल है। अप्रैल में, दो डॉक्टरों और सैनिकों की एसपीजी की एक टीम ने कैनाइन रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सेंटर (मुधोल हाउंड), तिम्मापुर, (सीआरआईसी) का दौरा किया। वहां से उन्होंने 25 अप्रैल को दो महीने के दो नर को लिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक कर्नाटक के इन देशी कुत्तों की नस्ल का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। मुधोल हाउंड का चयन पीएम की सुरक्षा टीम ने तमिलनाडु के राजपालयम कुत्ते की नस्ल और उत्तर प्रदेश के रामपुर ग्रेहाउंड पर विचार करने के बाद किया था। छोटे सिर वाले दुबले और लम्बी संरचना वाले ये कुत्ते शिकारी कौशल के होते हैं और साथ ही कुत्तों की यह नस्ल 72 सेंटीमीटर तक बढ़ सकती है और इसका वजन 20 से 22 किलोग्राम के बीच होता है। विशेष रूप से, मुधोल हाउंड कुत्तों का उपयोग शिकारियों द्वारा राजाओं के समय से किया जाता रहा है। वे इस नस्ल को बिना थके और विशेष सूंघने की क्षमता के बिना लंबी दूरी तक दौड़ने की क्षमता के लिए पसंद किया करते थे।

करोड़ों की प्रॉपर्टी,लग्जरी कारें-फार्महाउस,घर में थिएटर शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने आरटीओ अफसर के आवास पर मारी रेड

भोपाल 18 अगस्त 2022। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष पाल के शताब्दीपुरम स्थित घर पर बुधवार रात ईओडब्ल्यू टीम ने छापामार अंदाज में सर्च कार्रवाई शुरू की। रात करीब 10.30 बजे टीम ने डोरवेल बजाकर आरटीओ के घर का दरवाजा खुलवाया। घंटी की आवाज सुनकर आरटीओ पाल ने स्वयं दरवाजा खोला। टीम भीतर पहुंची तो आरटीओ का आलीशान घर और भीतर रखा साजो-सामान देखकर अवाक रह गई। छापेमारी में संतोष पाल धन कुबेर निकला क्योंकि यहां से आय से 600 गुना ज्यादा संपत्ति का खुलासा हुआ है।

दरअसल, ईओडब्ल्यू की छापामार कार्रवाई में संतोष के पास से 6 आलीशान मकान, 1 फार्म हाउस, दो कार और मोटर साइकिल बरामद हुई। और बताया जा रहा है कि यह सब सपंत्ति काली कमाई से अर्जित की गई है। अब तक की कार्यवाई में ईओडब्ल्यू ने 16 लाख कैश, सोने, चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार संतोष पाल के 10 हजार वर्ग फुट में बने आलीशान घर को देखकर ईओडब्ल्यू की टीम हैरान भी रह गई। बेसमेंट वाली तीन मंजिला घर में सारा सामान लग्जरी था। घर में लिफ्ट से लेकर महंगी शराब रखने की लकड़ी का केस, गार्डन, स्विमिंग पूल, झूमर, थिएटर और अन्य ऐसी चीजे घर पर दिखी।

बता दें कि कोर्ट के आदेश के बाद ईओडब्ल्यू ने संतोष के घर पर छापेमारी की। जिसके लिए स्पेशल कोर्ट ने जांच के आदेश दिए थे। संतोष के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की याचिका लगी थी। जिसके बाद अब संतोष पॉल और उनकी पत्नी रेखा पॉल की मुश्किल बढ़ सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के हिसाब से संतोष को घर में पढ़ने वाले छापे की भनक लग चुकी थी। जिसके बाद संतोष ने कुछ लग्जरी सामान को दूसरी जगह शिफ्ट करना शुरू कर दिया था। इसलिए ईओडब्ल्यू की 30 सदस्यों टीम को देर रात छापा मार कार्रवाई करनी पड़ी।

वहीं पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू ने कहा कि सर्चिंग अभी जारी है। संपत्ति, दस्तावेज के जो भी साथ में लेंगे उनके आधार पर आरोपित की संपत्ति का आकलन किया जाएगा। साथ ही इसके संतोष पाल व और उनकी पत्नी रेखा पाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

कार्रवाई के दौरान संतोष पोल की पत्नी रेखा पाल घर में मौजूद नहीं थी। जिसके बाद टीम को आशंका है कि एआरटीओ संतोष पाल के द्वारा जरूरी दस्तावेज व समान कहीं भेज कर छिपा दिया गया है।

अनोखी का अनोखा जन्मदिन सेलिब्रेशनः

गोलगप्पे का ठेला लगाने वाले पिता ने बेटी के बर्थ-डे पर फ्री में खिलाया 1 लाख गुपचुप,सीएम और MLA ने दी बधाई

भोपाल, 18 अगस्त 2022। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में गोलगप्पे का ठेला लगाने वाले पिता ने बेटी अनोखी का पहले जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने स्टॉल लगाकर लोगों को फ्री में एक लाख गोलगप्पे खिलाए। सोशल मीडिया पर इसकी जमकर चर्चा हो रही है।

दरअसल, अंचल गुप्ता भोपाल के कोलार इलाके में गोलगप्पे का स्टॉल लगाते हैं। अंचल ने अपनी बेटी अनोखी गुप्ता का पहला बर्थ-डे लोगों को फ्री में 1 लाख फुल्की खिलाकर मनाया। इस दौरान पूर्व प्रोटेम स्पीकर और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से नारी सम्मान उनके स्वाभिमान के संबंध में जो देशवासियों से अपील की है, साथ ही सीएम शिवराज सिंह जिस प्रकार प्रदेश की प्रत्येक बेटी को लाडली लक्ष्मी बनाना सुनिश्चित किया है, अंचल गुप्ता जैसे पिता हो तो यह महिला सशक्तिकरण का अभियान को सफल बनाने से कोई नहीं रोक सकता।

बेटी के जन्म पर भी खिलाया था

अंचल गुप्ता कोलार इलाके में पिछले 14 साल से गोलगप्पे का ठेला लगाते आ रहे हैं। एक साल पहले बेटी के जन्म होने पर भी 50 हजार गोलगप्पे खिलाए थे और अब जन्मदिन 1 लाख फुल्की खिलाकर मनाया। वहीं सीएम ने बधाई दी है।

ईडी का बड़ा एक्शन,मुख्तार अंसारी के घर समेत करीबियों के यहां छापेमारी

लखनऊ 18 अगस्त 2022। गाजीपुर में मुख्तार अंसारी में घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। मुख्तार अंसारी के गाजीपुर स्थित मुहम्मदाबाद घर पर और उनके करीबियों के यहां भी छापेमारी की है। ईडी की कई टीमें अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर रही हैं। बताया जा रहा है कि ईडी टीम आज सुबह ही मुहम्मदाबाद स्थित मुख्तार अंसारी के पैतृक घर पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। इतना ही नहीं, माफिया मुख्तार अंसारी के करीबियों विक्रम अग्रहरी, गणेश मिश्रा के ठिकानों पर छापेमारी हो रही है। साथ ही ईडी टीम

ने खान बस सर्विस के मालिक के ठिकानों पर भी छापा मारा है।

सूत्रों की मानें तो दिल्ली और यूपी मिलाकर बाहुबली मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों से जुड़े 11 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। मुख्तार अंसारी के परिवार के सदस्यों, सीए और करीबी सहयोगियों के यहां भी रेड चल रही है। दिल्ली, लखनऊ और गाजीपुर समेत कई ठिकानों पर यह कार्रवाई जारी है।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माफिया से राजनेता बने मुख्तार अंसारी और उसके गिरोह के सदस्यों द्वारा संचालित भूमि हथियाने और अवैध व्यवसायों से संबंधित कई मामलों के आधार पर 1 जुलाई, 2021 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) यानी मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। बता दें कि मुख्तार अंसारी बांदा जेल में बंद है।

चुनाव आयोग का बड़ा ऐलान,जम्मू-कश्मीर में रह रहे बाहरी लोग भी डाल सकेंगे वोट

श्रीनगर 18 अगस्त 2022। जम्मू कश्मीर में इस साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इससे पहले चुनाव आयोग ने बड़ा ऐलान किया है। जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हृदेश कुमार ने कहा कि जो गैर कश्मीरी लोग राज्य में रह रहे हैं, वे अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराकर वोट डाल सकते हैं। इनमें कर्मचारी, छात्र, मजदूर या देश के दूसरे राज्यों के वे व्यक्ति शामिल होंगे जो आमतौर पर जम्मू-कश्मीर में रह रहे हैं। वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। साथ ही जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव में वोट कर सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों को मतदाता के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए अधिवास की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि अन्य राज्यों के सशस्त्र बल के जवान जो जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते हैं।

चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि गैर-स्थानीय लोगों के लिए मतदान के लिए कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, ÷इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई जम्मू कश्मीर में कितने समय से रह रहा है। गैर स्थानीय जम्मू कश्मीर में रह रहा है या नहीं इस पर अंतिम फैसला ईआरओ करेगा। यहां किराए पर रहने वाले भी मतदान कर सकते हैं।÷

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में शामिल होने की एकमात्र शर्त यह है कि व्यक्ति ने अपने मूल राज्य से अपना मतदाता पंजीकरण रद्द कर दिया हो। आयोग के इस फैसले से मतदाता सूची में करीब

20 से 25 लाख नए मतदाता शामिल होंगे।

चुनाव आयुक्त के इस फैसले पर पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'पहले 'जम्मू-कश्मीर में चुनावों को स्थगित करने का भारत सरकार का निर्णय और अब गैर स्थानीय लोगों को वोट देने की अनुमति देना, यह भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणामों को प्रभावित करना के संकेत हैं। असली उद्देश्य स्थानीय लोगों को शक्तिहीन करने के लिए जम्मू-कश्मीर पर सख्ती से शासन करना जारी रखना है।÷

जम्मू कश्मीर में परिसीमन आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद विधानसभा सीटों की संख्या 90 हो गई है। विधानसभा सीटों की संख्या में वृद्धि के साथ मौजूदा मतदाता सूची में व्यापक बदलाव आया है। अब नए ढांचे के अनुसार मतदाता सूची तैयार की जा रही है।

पूरे जम्मू कश्मीर में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है, हालांकि जम्मू कश्मीर में 15 अगस्त की तैयारियों को देखते हुए इसे रोक दिया गया था। इससे पहले अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए 31 अक्टूबर की समयसीमा तय की गई थी, हालांकि इसे अब 25 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ÷जम्मू कश्मीर में नए मतदान केंद्र बन रहे हैं और मतदान केंद्रों की संख्या 11,370 हो गई है।÷ जम्मू कश्मीर में 15 सितंबर से 25 अक्टूबर तक समरी रिवीजन के दौरान जम्मू कश्मीर में कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग मतदाता के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। वोटर लिस्ट में नाम को आधार कार्ड के जरिए जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एक अक्टूबर 2022 से 18 साल या उससे अधिक उम्र वाले लोग अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं।

संपादकीय

सपने अब लुभाते नहीं

जहां तक भारत को विकसित देश बनाने की बात है, तो लाजिमी तौर पर ये बातें याद आईं कि प्रधानमंत्री इसी मंच से पहले उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और इसी वर्ष तक सबके पक्का मकान होने का वादा किया था।
प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस को संकल्प जताया कि अगले 25 वर्ष में- यानी 2047 तक भारत को विकसित देश बना दिया जाएगा। लेकिन उन्हें इस बात से संभवतः आश्चर्य हुआ होगा कि आम तौर पर उनकी सरकार के प्रति उत्साही रुख रखने वाले मेनस्ट्रीम मीडिया ने उनकी भाषण की एक दूसरी बात को ज्यादा अहमियत दी। उस बात का संबंध व्यावहारिक राजनीति से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को देश की प्रमुख समस्या बताया। मीडिया समीक्षकों ने इसे विपक्ष पर हमले के रूप में देखा और इसे मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन का ऑपरेटिव पार्ट माना। वैसे जहां तक भ्रष्टाचार की बात है, तो इससे भी भ्रम पैदा हुआ। अब तक सत्ता पक्ष का नैरेटिव यह रहा है कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार पर लगाम लगा लिया गया है। अब अचानक खुद प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश की प्रमुख समस्या बना हुआ है। बहरहाल, जहां तक भारत को विकसित देश बनाने की बात है, तो लाजिमी तौर पर ये बातें याद आईं कि प्रधानमंत्री इसी मंच से पहले उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और इसी वर्ष तक सबके पक्का मकान होने का वादा किया था। वैसे लाल किले से अपने पहले संबोधन में उन्होंने जैसा स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प लिया था, उसका भी असल हश्र क्या हुआ, यह अब सबके सामने है। इसीलिए मोदी ने जो नया सपना दिखाया, वह मोटे तौर पर लोगों को भुलाने में पहले जैसा कामयाब नहीं हुआ है। यह कहने का ये कतई अर्थ नहीं है कि आज मोदी लोकप्रिय नहीं हैं। लेकिन उनकी लोकप्रियता अब संभवतः ऐसे सपनों की वजह से नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व में भाजपा की विकसित हुई राजनीति की नई शैली के कारण है, जिसमें समाज के विभिन्न समुदाय हमेशा आक्रोश और टकराव की मुद्रा में रहते हैं। विपक्ष या भाजपा से असहमत लोगों की साख पर हमला इस सियासत का एक खास पहलू है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने इस सियासी जरूरत को पूरा किया। इसीलिए यही बात मीडिया की सुर्खियों में आई।

छलकता पैमाना



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

उनकी आंखो में छलकता हुआ पैमाना है
बाख़ुदा दिल भी उसी मय का तो दीवाना है
यूं तो रहते हैं वो ख़ामोश झुकी नज़रों से
अदाएं शोख़ का अंदाज़ कातिलाना है
खुलेंगे होंठ तो अंज़ाम जाने क्या होगा
बंद कलियों का ये आगाज़ आशिकाना है
ख़िले हुये ये माहताब से हसीं रुख़ पे
घटाओं जैसे गेसूओं का शामियाना है
दिल के अख़लाक से भरा ये सरापा रौशन
उनके तो इश्क की बातें भी सूफ़ियाना है
दिल के ऐवान में रौशन सभी चराग़ हुये
रुह के वस्ल का क्या खूब आशियाना है

गीत का किरदार



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

दिल तेरी मोहब्बत का तलबगार हो गया
ये भी न कह सके कि तुझसे प्यार हो गया
तेरी नज़रों ने चलाया जो तीर-ए-क़ज़ा हमपे
वो तीर-ए-नीमकश न आर पार हो गया
था मुफलिसी का मारा दिल अपना ये बेचारा
तेरी मुस्कुराहटों का ख़रीददार हो गया
सर-ए-आईना जो देखा तेरा अक्स ही नज़ारा
गोया के तू ही जो पस-ए-दीवार हो गया
दुनिया ने जहाँ समझा बस वहाँ परस्तिश की
के गीत से बेहतर गीत का किरदार हो गया

कह नहीं पाउँगा



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

बहुत खूबसूरत है वो,कह नही पाउँगा।
जिंदगी की जरूरत है वो,कह नही पाउँगा।
मैंनें अपने मन मंदिर में उसे सजा रखा है,
दुआ है, इबादत है वो,कह नही पाउँगा।
उसकी कीमत आँक सँकू,मैं ऐसा जौहरी नही,
बडी नायाब दौलत है वो,कह नही पाउँगा।
दिल पे दस्तक दी है, बाँसुरी की सदा बनके,
के ईश्क की इबारत है वो,कह नही पाउँगा।
मेरी रूह में शामिल है, फूल में खुशबू जैसी,
खुदा की ही इनायत है वो,कह नही पाउँगा।

सलमान रुश्दी पर हमला निंदनीय कृत्य



प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

सलमान रुश्दी एक जाने-माने साहित्यकार हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा से पूरा विश्व परिचित है। उन्होंने लेखन के क्षेत्र में कई पुरस्कार जीते हैं। इनका जन्म भारत के मुंबई नगर में हुआ था। इनका नाम पाँच बार बुकर पुरस्कार के लिए नामित किया गया।1981 में मिडनाइट चिल्ड्रन के लिए इन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है।
साहित्य के क्षेत्र में इनका योगदान अमूल्य है। वर्ष 2007 में इन्हें साहित्य के क्षेत्र में नाइटहुड सम्मान प्रदान किया गया।
आखिर क्यों सलमान रुश्दी पर हुआ हमला---
1988 में रुश्दी की चौथी किताब ÷द सैटेनिक वर्सेज÷ प्रकाशित हुई। इस उपन्यास से कुछ मुसलमानों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने इसकी सामग्री को ईशनिंदा करार दिया। पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होने लगे और इस किताब पर प्रतिबंध लगाने की माँग होने लगी ।सेंसरशिप और किताब जलाने के विरोध में भी कई विरोध प्रदर्शन हुए। पुस्तक के प्रकाशन के एक साल बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने रुश्दी के खिलाफ मौत का फतवा जारी किया। कुमाऊनी के फतवे के बाद दुनिया में कूटनीतिक संकट पैदा हो गया। इस किताब के प्रकाशन के बाद हुए विरोध प्रदर्शन में पूरी दुनिया में कई लोग मारे भी गए ।मृतकों की संख्या में उपन्यास के अनुवादकों की संख्या भी शामिल है ।
गुमनामी के अँधेरे में जीवन यापन के लिए किए गए विवश--
जान से मारे जाने की धमकियों के कारण सलमान रुश्दी जी को लगभग नौ साल तक छिपकर भी रहना पड़ा। जहाँ हर लेखक साहित्य के क्षेत्र में अपनी पहचान चाहता है.. प्रसिद्धि चाहता है ...नाम कमाना चाहता है...उसकी अभिलाषा होती है कि दुनिया उसे जाने ..उसकी पुस्तकों को पढ़े। ऐसे ही संसार में एक लेखक सलमान रुश्दी जी को प्रसिद्धि पाने के बाद गुमनामी के अंधेरों में जीने के लिए विवश कर दिया गया। धिक्कार है संकीर्ण सोच रखने वाले उन व्यक्तियों पर जो एक लेखक के साथ ऐसा क्रूर और बर्बरता पूर्ण व्यवहार करते हैं। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शुक्रवार को भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले के कारण सलमान रुश्दी की एक आँख अत्यधिक चोटिल हो गई। वे आज वेंटिलेटर पर हैं... उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। शर्मनाक है एक लेखक पर ऐसा हमला--
यह पूरे विश्व के लिए एक शर्मनाक घटना है ।जब हम सभी को स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है, तो आखिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर यह अंकुश कैसा...? कलम को जंजीरों में कैद करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है...? आखिर विचारों को प्रसारित होने से रोकने की यह कोशिश कब तक...?
साहित्य ही समाज का दर्पण है। इससे ही पाठक वर्ग को समसामयिक भौतिक परिवेश और पर्यावरण का ज्ञान होता है। यदि इसमें मात्र कल्पना ही लिखी जा सकती है, तो साहित्य कैसा..? जब हम इसमें सच्चाई नहीं लिख सकते तो हमारे हाथों में कलम किसलिए है...?साहित्य का उद्देश्य तब तक पूरा नहीं हो सकता,जब तक हमें निर्भीक होकर लिखने की स्वतंत्रता न मिले।
साहित्य का उद्देश्य किसी जाति,सम्प्रदाय अथवा धर्म को प्रसन्न करना नहीं--
यदि हम काल्पनिक साहित्य ही पाठक वर्ग को परोसते रहेंगे तो वह समाज की सच्चाई कैसे जान पाएँगे। आखिर कब तक सलमान रुश्दी जैसे और उत्कृष्ट साहित्यकारों पर चाकुओं से हमला होता रहेगा ...?आखिर कब तक एक लेखक अपनी कलम को सच लिखने से रोक सकेगा...? एक ना एक दिन तो अवश्य ही लेखनी की प्रखर धार से सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों का समूह नाश होगा ही ।हमें इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि यदि लेखक सत्य नहीं लिख सकता तो उसके लेखन का कोई औचित्य ही नहीं है। शमशीरों के खौफ से कलम की स्याही नहीं सूखती है ।आज हम सभी रचनाकारों को एकजुट होकर इस शर्मनाक हमले की निंदा करनी होगी। यह हमला मात्र एक लेखक पर नहीं हुआ है अपितु समस्त साहित्य साधकों पर हुआ है। हम सब साहित्य की साधना कर रहे हैं... कलम ही हमारा अस्त्र है ..हमें कलम की ताकत से विनाशकारी शक्तियों पर कठोर प्रहार करना होगा।

जातिवाद का मटका कब फूटकर बिखरेगा ?

-प्रियंका सौरभ-
नई दिल्ली

इस देश में दो मराठी महापुरुष आये। दोनों ने देश पर इतना उपकार किया कि ये देश उनका उपकार नहीं भुला सकता। एक ने धर्म कि रक्षा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और उनका धर्म था इन्सानियत। दूसरे ने देश को रास्ता बताया भारतीय संविधान लिखकर। हम इन दोनों से कब सीखेंगे? 75 साल पहले हमें अंग्रेजी हुकूमत से आजादी तो मिली लेकिन 75 साल बाद भी जातिवाद से नहीं मिली आजादी। जब तक भारतीय समाज और राज्य को संचालित करने वाले केंद्रों-संस्थाओं पर से वर्ण-जाति की विचारधारा के लोगों का कब्जा खत्म नहीं होता है, तब इंद्र मेघवाल अपमानित होते रहेंगे और मारे जाते रहेंगे, बस वजहें अलग-अलग होंगी। भारतीय लोकतंत्र का मूल्य संविधान में निहित है और संविधान छुआछूत तथा अस्पृश्यता का निषेध करता है। फिर स्कूल के घड़े में रखा पानी पीने पर दलित बच्चों की क्रूरता से पिटाई क्यों? मासूम बच्चे को अभी पता भी नहीं था कि जाति क्या है और वह जातिगत छुआछूत प्रताड़ना का शिकार हो गया। आखिर हम और समाज मटके से कब आजाद होंगे? राजस्थान में तीसरी कक्षा के विद्यार्थी नौ वर्षीय इंद्र मेघवाल की हत्या हमारे उन सब गर्वो पर कलंक है जिनका बखान हम धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता के नाम पर करते हैं। ऊँच- नीच को भगवान की देन बता-बता कर, सामाजिक नियंत्रण और डर फैलाना एक प्राचीनतम मनोवैज्ञानिक-सामाजिक हथियार है। भारत की गुलामी के इतिहास में झांके तो हम पाएंगे कि धर्म का समर्थन प्राप्त जातिवादी मानसिकता भारत की गुलामी और हार का सबसे बड़ा कारण है। अगर किसी भी समाज को गुलाम बनाने की सामुदायिक-सांस्कृतिक लत है तो स्वतंत्रता का ढोंग क्यों हो ? सरस्वती मंदिर में अस्पृश्यता की बीमार परम्परा के प्रहार से घायल इंद्र मेघवाल की मौत क्या दिखाती है?
ऐसे संवेनदशील मामलों में सिर्फ शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही पर्याप्त नहीं है इसके लिए शिक्षण संस्थान भी जिम्मेदार बनते है जो ऐसे जातिवादी इलाकों में स्कूल में मटका रखने की अनुमति देते हैं इसलिए ऐसे शिक्षण संस्थाओं को इनका तोड़ ढूंढना होगा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता का अंत किया गया है और इसका किसी भी रूप में पालन करना अपराध घोषित किया गया है। इसलिए राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि उसके क्षेत्र में किसी प्रकार का छुआछूत प्रैक्टिस में ना रहे। इस देश में दो मराठी महापुरुष आये। दोनों ने देश पर इतना उपकार किया कि ये देश उनका उपकार नहीं भुला सकता। एक ने धर्म की रक्षा की छत्रपति शिवाजी महाराज और उनका धर्म था इन्सानियत। दूसरे ने देश को रास्ता बताया भारतीय संविधान लिखकर। हम इन दोनों से कब सीखेंगे? 75 साल पहले हमें अंग्रेजी हुकूमत से आजादी तो मिली लेकिन 75 साल बाद भी जातिवाद से नहीं।
पहले अस्पृश्पृयता बहुत ज्यादा थी, जो आज के दौर मे कही - कहीं दिखाई देती है। ऊंच-नीच, छुआछुत के कारण पहले ऊँची जाति के लोग (खासकर ब्राह्मण,बनिये) नीची जाति के लोगों के पास से निकलते हुये निश्चित दूरी बनाकर निकलते थे और किसी चीज के लेन-देन के वक़्त हाथों मे एक निश्चित फासला रखते थे। मगर ऐसी बातें सुनकर हँसी तब आती है जब कोई नीची जाति का आदमी बनिये की दुकान से कुछ खरीदने जाता तो बनिया उसके हाथ से पैसे लेते वक़्त कोई फासला नहीं रखता लेकिन उसके बदले समान देते वक़्त फासला बना लेता। तो फिर अछूत कौन हुआ ? सोचिये। अब वक़्त ने करवट बदली है, बिजली पानी मे कुछ सरकारी दखलंदाज़ी होने से अब पानी खींचना नहीं पड़ता। गाँव में नीची जाति के लोग आज बे- धडक अंदर आ जाते हैं और पास रखी कुर्सी या स्टूल पे धडल्ले से बैठ जाते हैं। हाथ मिलाना, साथ चलना तो आम हो गया। कुए की जगह अब पानी की टंकियाँ बनी है जिसमे नल लगे हैं मगर अब उन नलों का जाति के हिसाब से बंटवारा नहीं किया गया। ये सामाजिक बदलाव की पहल वक़्त ने की है, न की किसी जाति विशेष ने।
देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं दूसरी तरफ पानी के मटके को छूने पर मासूम को इतना पीटा गया कि जान ही चली गयी। 15 अगस्त 1947 को भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली थी। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विपरीत, लोग सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त सम्मानजनक जीवन जीने की आशा रखते थे। हालाँकि अब उत्पीड़कों ने केवल अपना रूप बदल लिया है। कौन नहीं जानता कि आज भी स्कूलों में मिड डे मील को दलित बच्चे छू लेते हैं तो लोग कहते हैं हमारे बच्चों को दीन हीन कर दिया। हम आये दिन कहीं न कहीं ये पढ़ते है कि मिड-डे मील के बचे हुए खाने को स्कूल के पड़ोस में रहने वालों ने सिर्फ इसलिए नहीं लिया क्योंकि खाना देने दलित बच्चे गये थे। प्रगतिशील राज्यों में से एक होने और सामाजिक न्याय का दावा करने वाले तमिलनाडु अस्पृश्यता उन्मूलन मोर्चा के सर्वे में खुलासा हुआ है कि 386 पंचायतों में से 22 में दलित ग्राम प्रधानों को बैठने तक के लिए कुर्सी नसीब नही होती। ऐसे में बिना भेदभाव खत्म हुए किसी भी आजादी का कोई मतलब नहीं है।
इंद्र कि मौत के इस जघन्य कृत्य के लिए हम सब शर्मिंदा है। 75 साल हो गए पर देश के कुछ ऐसे नीच बुद्धि वाले लोग है जो अपने आप को भगवान समझते हैं और देश के आज़ाद होने के बाद भी ऐसी नीच मानसिकता रखते हैं। जब तक ऐसे लोग रहेंगे देश कभी आज़ाद नही रहेगा। मासूम बच्चे ने सोचा कि जब आजादी के अमृत महोत्सव का ढोल पूरे देश में जोर शोर से पीटा जा रहा है तो शायद मैं भी आजाद हूँ। उसे क्या पता था की ये आजादी उसके लिए नही। वह अबोध बालक हजारों प्रश्न देश के सामने छोडकर आज चला गया। समाज और देश के असली दुश्मन तो इस तरह की मानसिकता वाले लोग हैं जो एक शिक्षक जैसे आदर्श व्यक्तित्व के रूप में स्कूल का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को निजी स्कूलों के लिए भी कुछ चारित्रिक मापदंड अनिवार्य करना चाहिए।
जब तक भारतीय समाज और राज्य को संचालित करने वाले केंद्रों-संस्थाओं पर से वर्ण-जाति की विचारधारा के लोगों का कब्जा खत्म नहीं होता है, तब इंद्र मेघवाल अपमानित होते रहेंगे और मारे जाते रहेंगे, बस वजहें अलग-अलग होंगी। वर्ण-जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करने वाली बहुजन वैचारिकी और बहुजन नायकों को भारतीय समाज के केंद्र में स्थापित किए बिना डॉ. आंबेडकर से लेकर इंद्र मेघवाल तक को पानी का घड़ा छूने के लिए दंडित करने की परंपरा को खत्म नहीं किया जा सकता है। यह प्रतिकार सिर्फ इंद्र मेघवाल की हत्या तक सीमित नहीं होना चाहिए। हजारों सालों की ऊंच-नीच की भेदभाव भरी व्यवस्था के खिलाफ होना चाहिए।

जो नहीं फंसे हैं उनको फंसाना है

पिछले दिनों जब नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ा तो सोशल मीडिया में यह पोस्ट दिखाई दी कि अब केंद्र सरकार और भाजपा के पास सिर्फ एक सहयोगी बची है, जिसका नाम है ईडी! बहरहाल, पूरे देश में ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई को दौड़ाने के बाद भी कई नेता ऐसे हैं, जो अभी तक इन एजेंसियों की जाल में फंसने से बचे हुए हैं। तभी इन नेताओं के आसपास जाल फेंका जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि इसका मकसद छोटी-बड़ी किसी भी मछली को फांसना है ताकि उन नेताओं तक पहुंचा जा सके, जो अभी तक बचे हुए हैं। इसकी सबसे अच्छी मिसाल केरल की है। वहां प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने फेमा का एक केस बनाया है, जिसमें सीपीएम के बड़े नेता और पिछली सरकार में वित्त मंत्री थॉमस आईजैक को फंसाने का प्रयास चल रहा है। उनको ईडी ने कई नोटिस भेजे हैं और एक नोटिस में तो उनकी निजी संपत्ति का ब्योरा मांगा गया है। इसके खिलाफ जब वे अदालत गए तो हाई कोर्ट ने ईडी को फटकार लगाते हुए कहा कि उसे लोगों की निजता का सम्मान करना चाहिए? वह कैसे किसी की संपत्ति का ब्योरा मांग सकती है।
सोचें, ईडी ने किसी भी नोटिस में उनको आरोपी नहीं बनाया है। यहां तक कि ईडी ने यह भी कहा है कि उनको गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है। अब अगर वे गवाह के तौर पर बुलाए जा रहे हैं तो उनकी संपत्ति का ब्योरा क्यों चाहिए? जाहिर है कि एजेंसी के पास कोई खास सबूत या आरोप नहीं हैं लेकिन जाल डालना है कि क्या पता कुछ फंस जाए तो वामपंथी नेताओं को भी भ्रष्ट करार दिया जाए। यह मामला केरल इंफ्रास्ट्रक्चर बोर्ड का है, जिसने विदेशी कंपनियों के जरिए 21 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाए हैं। उसमें फेमा नियमों के उल्लंघन की जांच ईडी कर रही है। इतना ही नहीं कई केंद्रीय एजेंसियां संयुक्त अरब अमीरात से सोने की तस्करी के मामले में मुख्यमंत्री पी विजयन की जांच में भी लगी हैं। हालांकि अभी तक कामयाबी नहीं मिली है।
ऐसे ही तमिलनाडु में एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके के कई नेता केंद्रीय एजेंसियों की जाल में हैं। कनिमोझी से लेकर ए राजा और मारन परिवार के खिलाफ मामले हैं। लेकिन खुद स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ कोई खास मामला अभी नहीं मिला है। पिछले कुछ दिनों से तमिलनाडु में आयकर विभाग के छापे बढ़ गए हैं। दो अगस्त को तमिल फिल्म उद्योग से जुड़े 10 से ज्यादा लोगों के 40 परिसरों पर आयकर विभाग ने छापा मारा। उससे पांच-छह दिन पहले 27 जुलाई को तमिलनाडु की रियल इस्टेट कंपनियों के ऊपर छापे मारे गए। उससे पहले 20 जुलाई को भी रियल इस्टेट कंपनियों और रेल व सड़क के ठेके लेने वाली कंपनों के यहां तलाशी अभियान चला था। ध्यान रहे आमतौर पर काले धन का निवेश रियल इस्टेट कंपनियों और फिल्म उद्योग में किया जाता है। स्टालिन के बेटे उदयनिधि तमिल फिल्म उद्योग से जुड़े हुए भी हैं। सो, फिल्मी हस्तियों, निर्माताओं, डिस्ट्रीब्यूटर्स आदि के यहां छापों को लेकर माना जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसियां कुछ सूत्र तलाश रही हैं ताकि बड़े नेताओं तक पहुंचा जा सके।
स्टालिन की तरह तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी अभी तक केंद्रीय एजेंसियों की जांच से बचे हैं। लेकिन भाजपा नेताओं के बयानों से ऐस लग रहा है कि उनके खिलाफ भी शिकंजा कस रहा है। पिछले दिनों जब कांग्रेस ने ईडी को दिए गए असीमित अधिकार और उसकी कार्रवाइयों का विरोध किया तो चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस का समर्थन किया था। इसे लेकर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने कहा कि जल्दी ही के चंद्रशेखर राव और उनका परिवार भी ईडी की जांच झेलेगा। आमतौर पर ईडी की कार्रवाई की शुरुआत ऐसी ही होती है। प्रदेशों में भाजपा के नेता पहले ही बयान देकर बता देते हैं कि कार्रवाई होने वाली है। बहरहाल, बंदी संजय कुमार के बयान के कुछ दिन केंद्र सरकार के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तेलंगाना के दौरे पर गए तो उन्होंने कहा कि अगर चंद्रशेखर राव के परिवार ने कुछ गड़बड़ी नहीं की है तो ईडी या सीबीआई से डरने की क्या जरूरत है। इससे भी संकेत मिल रहा है कि जल्दी ही केंद्रीय एजेंसियां वहां भी जाने वाली हैं।

-हरिशंकर व्यास-

जनमानस को विश्वशांति का पाठ पढ़ाया श्रीकृष्णचंद्र ने

टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

हमारा भारतवर्ष सदैव संत-ज्ञानी व कर्मयोगियों की भूमि रही है। तभी तो यहाँ ज्ञान का सरोवर हिलोरें मारता है। लोगों में सजन्नता की आभा झलकती है। एक खासियत है मेरे भारत की कि जिस किसी शख्स की बाल्यावस्था योगाभ्यास में बीतती है, उसकी किशोरावस्था में तप व त्याग द्रष्टव्य होता ही है। यौवन कर्मयोग से भरा होता है। जरावस्था की नसीहतें मानवता को सुदृढ़ करती है। इसी परिप्रेक्ष्य में मैं एक ऐसे युगपुरुष का जिक्र करने जा रहा हूँ, जिन्होंने अखिल भुवन में अपनी एकछत्र प्रधानता कायम रखी; और वे हैं द्वापरयुग-शिरोमणि युगधाम योगेश्वर श्री कृष्णचंद्र जी।



विषम परिस्थिति में जन्मा बालक कृष्ण =
बालक कृष्ण का जन्म भादो मास के कृष्णपक्ष के अष्टमी तिथि के मध्यरात्रि दिवस बुधवार को मथुरा नरेश कंस के कारागार में हुआ। देवकी-वसुदेव का यह आठवाँ पुत्र बड़ा ही विलक्षण बालक था। शैशवास्था से अंत तक कृष्ण का चमत्कारिक जीवन रहा। प्रतिकूल परिस्थिति में जन्मा बालक कृष्ण का ÷क÷ वर्ण से विशेष सम्बंध रहा है।

÷कालीरात कृष्ण कंस का कारागार।
कालिंदी का कृष्ण नीर रहा अपार।।÷

विस्मयपूर्ण बालपन =-
एक सम्पूर्ण बालजीवन-चरित कृष्ण के बचपन में देखने को मिलता है; कई दानवों का उनके द्वारा किया गया वध इस बात का साक्ष्य है। बालक कृष्ण के भोलेपन, शरारत व वत्सल का संतकवि सुरदास ने बखूबी चित्रण किया है। बालकृष्ण का मिट्टी खाना और अपनी माता यशुमति को अपने मुख में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का दर्शन कराना एक विस्मयकारी तथ्य है। कृष्ण के बालहठ से पूरी दुनिया अवगत ही है।

÷मैया मैं चंद्र खिलौना लैहौं
जेहौं लोटि धरनि पर अबहीं,
तेरी गोद न ऐहौं।
सुरभि कौ पय पान न करिहौं, बेनी सर न गुथैहौं।
ह्वै हौं पूत नंद बाबा को,
तेरी सूत न कहेहौं।।÷

कृष्ण की अविरल प्रेमधारा =
कृष्णजीवन में सदैव आध्यात्मिक प्रेम की अविरल धारा बहती रही है। उसका पावन बालहृदय ही प्रेम का स्रोत रहा; तभी तो ब्रज की गोप-ग्वालिन या वृषभानुकन्या राधिका पर उसका अमिट व निश्छल प्रेम झलकता है। आज के प्रेम की तरह ÷हाय...और हलो...÷ से शुरू नहीं हुआ कृष्ण-गोपियों का प्रेम। प्रेमासक्त कृष्ण की हालत द्रष्टव्य है-

नारद ते शुक-व्यास रटै,
पचि हारे तऊ पुनि पार न पावै।
ताहि अहीर की छोहरियाँ,
छछिया भर छाछ नाच नचावै।।÷

छत्तीसगढ़ी लोकमानस में कृष्ण =
हमारे छत्तीसगढ़ी जनमानस में कृष्ण का बालपन रचा-बसा हुआ है। यहाँ एक बच्चे को कान्हा और मात-पिता को नंद-यशोदा की संज्ञा प्राप्त है। मानवजन्म संस्कार के अंतर्गत नवजात शिशु व जननी को सुख-समृद्धि की शुभकामनाएँ देते हुए लोग ÷सोहरगीत÷ गाते हैं। सोहरगीत की एक बानगी प्रस्तुत है

÷भादो महीना के अंधियारी पाख म
हो ललना....
आठे अधरतिया प्रभु लिये
अवतार हो....÷

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में कृष्ण के बचपन व यौवन का जिक्र राऊत के दोहे, फागगीत, सुवागीत, व बारहमसी-श्रृंगारिक गीतों में होता है। एक जनानागीत में कृष्णचरित अधोवर्णित है -

÷अई हो...हो...हो....
तोर नानचुक कन्हइया यसोदा
अड़बड़ धूम मचाथे...या....
दही ल खाये बर खाथे
मटकी ल फोर देथे
वोला कही देना या...
समझई देना या...
तोर नानचुक कन्हइया....।÷

एक विलक्षण नवकिशोर कृष्ण =
मथुरा के एक अधर्मी व अहंकारी राजा अपने मामा कंस का महज़ बारह वर्ष की आयु में वध कर कृष्ण ने अपनी विलक्षणता का परिचय दिया। अपने बड़े भाई दाऊ बलराम के साथ गुरू संदीपनि के आश्रम से विद्या ग्रहण कर संसार को जीवन में गुरू की महत्ता का संदेश दिया। अवगत हो, विद्या ग्रहण अवधि में ही श्रीकृष्ण-सुदामा की मैत्री अंकुरित हुई। दोनों का कारुणिक साख्यभाव जगजाहिर है।

÷देखि सुदामा की दीन दशा,
करूणा करिके करुणानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहीं,
नैनन के जल सो पग धोए।÷

शांति व कर्म पर दिया जोर =
श्रीकृष्ण ने जीवनपर्यंत संसार को विश्वशांति का पाठ पढ़ाया। कर्मप्रधानता की शिक्षा दी; साथ ही धर्म व कर्म में भी सामंजस्य बनाये रखा। उचित अवसर आने पर धर्म और कर्म का एक ही जीवनोद्देश्य की बात बताई। इसीलिए उन्होंने कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन से कहा

÷कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु
कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भुर्मा ते
संगोस्त्वकर्मणि।÷

अनश्वर आत्मा का जिक्र =
श्रीकृष्ण को उनके धर्म, कर्म एवं योग के आधार पर असाधारण प्रतिभा की प्राप्ति हुई; और उन्हें भगवान का दर्जा मिला। फिर उन्होंने आत्मा और परमात्मा के सम्बंध में स्पष्ट किया कि आत्मा परमात्मा में लीन हो जाती है। शरीर को नश्वर बताया। आत्मा की अमरता का जिक्र किया।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि,
नैनं दहति पावक=।÷
न चैनं क्लेदयन्त्यापो,
न शोषयति मारुति=।÷

दैविक पुरुषत्व का स्वामी =
श्रीकृष्ण ने स्वयं को संसार में एक अलौकिक दिव्य पुरुष के रूप में स्थापित किया। उन्होंने स्वयं को परमात्मा बताया। पूरी दुनिया को सबमें स्वयं का व स्वयं में सबका होने का रहस्य समझाया। उन्होंने बताया कि सृष्टि का सृजन एवं विनाश उनके ही द्वारा होता है। स्वयं को अनश्वर होने की बात कही। सांसारिक आवश्यकतानुसार श्रीकृष्ण ने स्वयं का संसार आगमन-प्रस्थान की बात बताई।

यदा यदा हि धर्मस्य
ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य
तदात्मानं सृजाम्हयम्।
परित्राणाय साधुनां
विनाशिय च दुष्कृताम
धर्मसंस्थापनार्थाय
सम्भवामि युगे युगे।।÷

मेरे कान्हा

पूनम शर्मा
स्नेहिल
जमशेदपुर,बिहार

तन पीतांबर हाथ में मुरली,
मैं उसकी भक्ति में जुड़ली।
वो मेरा है कृष्ण कन्हैया ,
वो ही सबका यहां खवइया।
माखन मिश्री उसको भावे,
राधा का जो ध्यान लगावे ।
मीरा की भक्ति उसे प्यारी,
बन बैठी मैं उसकी पुजारी।
वैजयंती जिसको है भाती,
तुलसी जिसके चरण को धयाती।
कमर करधनी बांधे रहता ,
तन नीलम सा सदा चमकता।
तेज जो उसके रूप का देखा,
बदली किस्मत की हर रेखा ।
माथे जिसके मुकुट है सोहे,
भाए उसकी कलगी मोहे ।
वो मेरा है कृष्ण मुरारी,
चाहे जिसको दुनिया सारी।
प्रीत सदा है वो सिखलाते,
इक मुस्कान जो चित हर जाते।
बन बैठी मैं उसकी पुजारी ,
जो हर लेते चिंता सारी।
नित दिन मैं उनको ही धयाती,
उनको ही मैं शीश नवाती ।
वो ही परम पिता है मेरे ,
जिनकी बालक मैं कहलाती।
चरणों में उनके ही नित दिन,
भक्ति कि मैं ज्योति जलाती ।
तुम भी नाम पुकारो उनका,
जिनका नाम हूं मैं दोहराती।
उनकी कृपा दृष्टि से जग में,
अब तो सदा मैं हूं मुस्काती।
हाथ जोड़ मैं विनती करती,
मनचाहा हर फल हूं पाती।
विपदा कोई जो आए मुझ पर ,
अब तो कभी न मैं घबराती।
छूटे ना कभी हाथ तुम्हारा ,
बस ये ही अरदास लगाती।
देख के तेरा मुख मैं कान्हा ,
अब तो हूं मैं खुश हो जाती।
जन्म कोई भी मेरा हो कान्हा,
चित में बस तुझको ही पाती।
देख तेरा ये रूप सलोना ,
अंतर्मन से खुश हो जाती।
नाम तेरा अधरों पर कान्हा ,
हर पल हूं अब मैं दोहराती।
प्रेम सदा बरसाते रहना ,
मैं तो हूं बस प्रेम की प्यासी ।
चरणों में बीते ये जीवन ,
रहूं सदा मैं तेरी दासी।।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस



रवींद्र कुमार शर्मा
बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

भारत माता के रखवाले
भारत माँ पर मिटने वाले
अपनी धुन के पक्के सिपाही
काम जो कर गए अजब निराले
गुलामी भारत माता की देखकर
उनके मन में कुछ खटक रहा था
अत्याचार भारतीयों पर देखकर
मन द्रवित होकर भटक रहा था
आज़ादी की कसम थी खाई
आज़ाद हिंद फौज थी बनाई
अंग्रेजों से लोहा लेकर
आज़ादी की लड़ी लड़ाई
जलाकर ज्योति देश प्रेम की
अमर हो गए वह बलिदानी
भारत माता को जंजीरों से
आज़ाद करने की थी जिसने ठानी
देशभक्ति का जज़्बा जागा
युवा बहुत आगे आये
आगे बढ़ते गए सब मिल कर
कन्धे से कन्धा मिलाए
अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर
सबने मजबूर किया
आज़ाद हिंदियों ने
दिन में तारे उनको दिखलाए
गर्म खून के थे नेताजी
अत्याचार नहीं सहते थे
डरते नहीं किसी से
जो कहना मुंह पर कहते थे
एक ही मकसद था उनका बस
आज़ादी मिल जाये
उठते बैठते चलते फिरते
यही सोचते रहते थे
तुम मुझे खून दो
मैं तुमको आज़ादी दूंगा
भारतमाता का शीश
कभी झुकने न दूंगा
सोने की चिड़िया को मिलकर
बहुत लूट चुके हैं सारे
गिन गिन कर बदला लूंगा
अब और नहीं लुटने दूंगा

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

निगम सामान्य सभा की बैठक में तीखी बहस के बीच सत्तापक्ष ने बहुमत मत से पास किए 22 एजेंडे

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। नगर निगम सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर निगम सरकार को घेरा। गुरुवार को राजमोहनी भवन में नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। विपक्ष के हंगामे के बीच 22 एजेंडो को सत्तापक्ष ने बहुमत मत से पारित कर दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज, पार्षद आलोक दुबे, मधुसूदन शुक्ला निगम की कांग्रेस सरकार को अपने सवालों से घेरते नजर आए। पार्षद आलोक दुबे ने अतिक्रमण के मामले में निगम के राजस्व अमले पर सेटिंग का आरोप लगाया। वहीं मधुसूदन शुक्ला ने अमृत मिशन योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

नगर निगम की सामान्य सभा गुरुवार को राजमोहनी भवन में सभापति अजय अग्रवाल की उपस्थिति में शुरू की गई। सदन शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने समान्य सभा की बैठक समय-समय पर नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को समान्य सभा में ही अपनी बात रखने का मौका मिलता है जिसे भी नियमित समय पर नहीं कराया जा रहा है। समान्य सभा की बैठक में विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों को क्रियान्वयन नहीं होने का भी आरोप लगाया। वहीं विपक्ष पार्षदों ने निगम सरकार को अमृत मिशन योजना में भ्रष्टाचार आ आरोप लगाया। इस दौरान पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोक झोक हुई। विपक्ष के पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने अमृत मिशन योजना में महापौर पर मौन स्वीकृति का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन योजना के लिए 106 करोड़ राशि स्वीकृत हुई थी। यह राशि फिर नहीं मिलने वाली है। इसका काम सही से होना चाहिए था। जो कि भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। शहरवासी पानी के लिए त्राहिमाम हैं। मात्र 15-20 मिनट ही पानी मिल पाती है। वहीं सत्ता पक्ष से एमआईसी प्रमुख शफी अहमद ने कहा कि प्रमाण के साथ आरोप लगाएं। अगर संतुष्ट नहीं हैं तो शासन से इसकी जानकारी आप मांग सकते हैं। विपक्ष के पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि निगम क्षेत्र के ट्रांस्पोर्टनगर, मठपारा, गंगापुर में अतिक्रमण तेजी से हो रही है। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा इसकी जानकारी निगम आयुक्त व जिला प्रशासन को भी दी गई है। लगभग दो सौ से ज्यादा अतिक्रमण का फोटो ग्राफ के साथ शिकायत की गई है। वहीं निगम के राजस्व अमला पर सेटिंग कर अतिक्रमण कराने का आरोप लगाया है। वहीं सभापति अजय अग्रवाल के निर्देश पर सत्तापक्ष निगम सरकार द्वारा शासकीय भूमि को जांच कराकर सुरक्षित करने की बात कही गई।

डामरीकरण में भेदभाव का आरोप

विपक्ष के पार्षदों ने शहर में डामरीकरण के मामले में भेदभाव का आरोप लगाया है। विपक्ष के पार्षदों ने कहा कि अधिकतर डामरीकरण का काम सत्तापक्ष के पार्षद के वार्डों में कराने की स्वीकृति मिली है। वहीं एमआईसी प्रमुख शफी अमहद ने कहा कि शासन से डामरीकरण के लिए 7 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। जिसे 1 करोड़ का काम कराया गया है। शेष डामरीकरण का काम बारिश के बाद कराया जाएगा। अगर कुछ वार्ड का डामरीकरण का काम छुट गया होगा तो उसे प्राथमिकता से सूची में शामिल करा कर काम कराया जाएगा।

महापौर से इस्तीफे की मांग

विपक्ष ने पीएम आवस निर्माण में निगम सरकार पर नकामी का आरोप लगाते हुए कहा कि शासन के पंचायत मंत्री ने पीएम आवास में नकामी पर इस्तीफा दे दिया है। इसी तरह महापौर भी पीएम आवास निर्माण में नकामी माते हुए इस्तीफ दे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि निगम क्षेत्र में 4 हजार गरीबों को पीएम आवास नहीं बन पाया है। नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्षदों द्वारा लगाए गए सवाल को निगम सरकार द्वारा एजेंडों में शामिल नहीं किया गया है। इस बात को लेकर विपक्ष ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा किया। इस दौरान महापौर ने सभी एजेंडों को बिना चर्चा के ही पास करने की बात कही। इस बात पर विपक्ष उग्र हो गया और कहा कि हम लोग केवल बैठक में शामिल होने नहीं आते हैं। एजेंडों को सर्वसम्मति से चर्चा के बाद ही पास किया जाना चाहिए। इसके बावजूद भी सत्तापक्ष द्वारा बहुमत मद से एजंडों को पारित कर दिया गया।

नाली पर अतिक्रमण

नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि शहर में कहीं पर नाली नहीं है। नाली पर लोगों द्वारा कांक्रीट से ढलाई करा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इस सवाल पर सभापति ने सत्तापक्ष को ठोस निर्णय लेने की बात कही। वहीं चौक चौराहों पर बैनर पोस्टर लगाए व साटे जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की बात कही गई है।

लुंड्रा जनपद उपाध्यक्ष वीरभद्र सिंहदेव की मौत के मामले सीएम को पत्र लिखकर जांच की मांग

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। धौरपुर सोमेश्वर सिंहदेव के पुत्र व लुंड्रा जनपद उपाध्यक्ष वीरभद्र सिंहदेव उर्फ सचिन की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। क्षेत्र के विधायक व जनप्रतिनिधियों ने सीएम को पत्र लिखकर उनकी मौत को संदेहास्पद बताया है। उन्होंने सीएम के नाम एसडीएम को पत्र सौंपकर न्यायिक जांच की मांग की है। गौरतलब है कि स्व. वीरभद्र सिंहदेव प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के रिश्ते में भतीजे थे।

गौरतलब है कि वीरभद्र सिंहदेव उर्फ सचिन की 11 अगस्त की देर रात्रि दुर्ग-अंबिकापुर ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी। उनका शव 12 अगस्त को बिलासपुर के बेलगहना स्थित रेलवे पटरी के पास मिला था।आशंका जताई जा रही थी कि गेट पर खड़े होने के दौरान पैर फिसलने से वे गिर गए होंगे और गंभीर चोट लगने की वजह से उनकी मौत हो गई होगी। इधर उनकी मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। जनप्रतिनिधियों ने सीएम के नाम एक पत्र लिखकर स्व. वीरभद्र सिंहदेव की मौत को सस्पेक्टेड बताया है। उन्होंने सीएम के नाम लिखा पत्र एसडीएम को पत्र सौंपकर मामले में न्यायिक जांच की मांग की है।जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मीडिया के माध्यम से घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई थी, उसमें उनकी डेड बॉडी पटरी से करीब 15-20 फीट दूर मिली थी। यदि वे फिसलकर गिरते तो उनकी शव पटरी के आस-पास ही होना चाहिए था।उनका कहना है कि जिस दिन यह घटना हुई उस दिन स्व. वीरभद्र की बोगी में जो भी यात्री सफर कर रहे थे, उना मोबाइल नंबर, लोकेशन तथा किस-किस स्टेशन पर उतरे उसकी जांच की जाए। वीरभद्र सिंहदेव उस वक्त सुखियों में आए थे जब उनका नाम रामानुजगंज विधायक वृहस्पति सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। इस मामले में उनको जेल भी हुई थी। इस दौरान विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से अपनी जान को खतरा बताया था।

रोजगार को लेकर सामरीपाठ के बेरोजगार युवकों के साथ

22 अगस्त को हिंडाल्को प्रबंधन के अधिकारी करेंगे चर्चा

-उपेश सिन्हा-

कुसमी 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। कुसमी विकासखंड के सामरी पाठ में हिण्डालको बाक्साइड कम्पनी विगत कई साल से बाक्साइड उत्खनन परिवहन का कार्य कर रही है,लेकिन 10 अगस्त को सामरी पाठ के कई गांवों के बेरोजगार युवकों ने हिंडाल्को प्रबंधन के खिलाफ स्थानीय युवाओ को रोजगार उपलब्ध नही कराने का आरोप लगाकर धरना प्रदर्शन कर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। जिस पर एक हफ्ते का समय हिंडाल्को के अधिकारियों ने बेरोजगार युवकों से मांगा था ,लेकिन अबतक रोजगार को लेकर कंपनी ने किसी तरह की बैठक नही करी जिसपर बेरोजगार युवकों ने नाराजगी जाहिर करते हुये आज गुरुवार को कुसमी एसडीएम चेतन साहू से बेरोजगार युवकों का दल आकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम से मिला,वही एसडीएम ने युवाओं से चर्चा कर 22 अगस्त को हिंडाल्को प्रबंधन एवं बेरोजगार युवाओं की आपस मे बैठक रखवा दी है।बहरहाल देखना होगा कि बैठक में हिंडाल्को जैसी बड़ी कम्पनी क्या स्थानीय बेरोजगार युवकों की रोजागर जैसी समस्या का समाधान के लिये क्या कदम उठाती है ।

आरआई व पटवारी ने जीवित महिला को मृत कर दिया घोषित

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। सरगुजा जिले के मैनपाट तहसील कार्यालय के राजस्व अधिकारियों का कारनामा सुर्खियों में है। यहां एक जीवित महिला को राजस्व विभाग के आरआई (राजस्व अधिकारी) और पटवारी ने जीवित महिला को मुर्दा घोषित कर दिया है। दरअसल मैनपाट तहसील के अंतर्गत आने वाले अमगांव गांव के आश्रित पारा ढ़ोहाडीह में नोहरीबाई नाम की महिला की पुर्वजों की जमीन है। .इस जमीन पर अपना अधिकार पाने के लिए महिला (नोहरी बाई) ने अपने बेटे के साथ मिलकर तहसील कार्यालय में सीमांकन की अर्जी लगाई थी। लेकिन जब महिला और उसके बेटे को नोहरी बाई के मृत होने और परिवार पलायन की जानकारी मिली. तो उनके पैरो तले की जमीन खिसक गई। इसे लापरवाही कहे या मिलीभगत ज़मीन सीमांकन की अर्जी पर रिवेन्यू इंस्पेक्टर (आर आई) और पटवारी ने दूसरे पारा के भोले भाले ग्रामीणों से दस्तखत करा कर नोहरी बाई के मृत होने के पंचनामा बना लिया और जीवित महिला को सरकारी कागजों में मृत घोषित कर दिया। लेकिन जब ग्रामीणों की इसकी जानकारी मिली तो वो भी जीवित महिला नोहरीबाई को देख कर दंग रह गए। ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी और आर आई हमारे पारा में ज़मीन सीमांकन के लिए आए थे जहां पर उनसे दस्तखत कराया गया। लेकिन ये दस्तखत क्यों करा रहे हैं हम भी समझ नहीं पाए।।वहीं सीतापुर एसडीएम ने जीवित महिला को मृत घोषित करने वाले दोषी आर आई और पटवारी पर कार्रवाई की बात कही है। जीवित महिला को मृत घोषित करने का ये कारनामा आर आई और पटवारी की मिलीभगत को उजागर करता है। अब इन्होंने ऐसा किसके दबाव में किया..और क्यों किया ये जांच का विषय है। बहरहाल एसडीएम ने मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का हवाला दिया है। लेकिन देखने वाली बात होगी क्या महिला को इंसाफ मिलेगा.या फिर दफ्तरों में अपने जीवित होने की अर्जी लगाते रह जाएगी।

बच्चों को स्कूल अचीवर्स बनाने का प्रयास करता ग्राम साल्ही का अदाणी विद्या मंदिर

-नगर संवाददाता-

साल्ही 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ राज्य में सरगुजा जिले के आदिवासी गांवों से घिरे एक दूरस्थ ग्राम साल्हि में स्थित अदाणी विद्या मंदिर (एवीएम) ने 2013 में शुरू होने के साथ ही अपने लिए एक बड़ा लक्ष्य लिया था। लक्ष्य था सरगुजा के खनन प्रभावित गांवों के ग्रामीण जरूरतमंद और उपेक्षित बहुसंख्यक बच्चों को शिक्षित करना। और अब 9 साल बाद, ऐसा स्कूल, जो प्रतिभाशाली बच्चों को प्रवेश प्रदान करता है, और सरगुजा के आसपास के स्थानीय बच्चे, जिनमें से कई आदिवासी समुदाय से हैं, जिले के लिए वरदान साबित हुआ है।

अपने ऑल-राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और समर्पित फैकल्टी मेंबर्स के साथ, यह स्कूल ऐसे स्टूडेंस की मदद करने के लिए कठोर परिश्रम कर रहा है, जो खासकर फर्स्ट जनरेशन लर्नर्स हैं, और अपनी सम्पूर्ण क्षमता बाहर लाने में सक्षम हैं। इस वर्ष, सीबीएसई बोर्ड अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 28 छात्र शामिल हुए, और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अपनी काबिलियत साबित की।

हालांकि अब भी काफी चुनौतियां हैं। पहली चुनौती यह है कि 80त्न छात्र आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जिन्हें अपने माता-पिता से समुचित शैक्षणिक मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। दूसरी चुनौती महामारी है, जिसने दैनिक जीवन पर ब्रेक लगा दिया है और पिछले कुछ वर्षों में क्लासरूम लर्निंग पर भारी असर डाला है। इसके अलावा खनन परियोजनाओं के लिए अनुमोदन और देरी के मामले में विस्तार योजना भी स्पष्ट नहीं है। लेकिन कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि हालात कुछ भी हों, शिक्षा कभी नहीं रुकेगी, खासकर बोर्ड परीक्षा में बैठने वालों के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। इस पर खरे उतरने के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन भी किया गया, लेकिन कुछ अभिभावकों के पास स्मार्ट फोन नहीं होने के कारण, ये बच्चे इससे वंचित रह गए। इसके बावजूद सरगुजा स्थित एवीएम के कर्मचारियों और शिक्षकों ने प्रखरता से इसका समाधान निकाला। ऐसे छात्रों की सहायता के लिए स्कूल द्वारा सरकारी मानदंडों के अनुसार, मोहल्ला कक्षाओं का आयोजन किया गया है। शिक्षकों ने छोटे-छोटे वीडियो क्लिप्स, कॉन्टेंट की पीडीएफ और स्टडी मटेरियल्स के नोट्स बनाए हैं और उन्हें व्यक्तिगत रूप से छात्रों को वितरित किया है।

एवीएम के प्रिंसिपल दिलीप पांडे ने कहा कि, ÷परिणाम संतोषजनक है, क्योंकि हमारे स्कूल के अधिकांश छात्र, ग्रामीण क्षेत्रों और आदिवासी समुदायों से ताल्लुक रखते हैं। वे सभी पहली पीढ़ी के विद्यार्थी हैं। उनके माता-पिता पढ़े-लिखे नहीं हैं, इसलिए वे चाहकर भी उनकी मदद नहीं कर सकते हैं। हमारे शिक्षकों ने विशेष रूप से महामारी के कठिन समय में छात्रों के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने छात्रों को उनकी स्टडी मटेरियल्स की आपूर्ति के लिए डोर-टू-डोर सेवाएँ भी प्रदान की हैं।

पिछले शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 10 के छात्रों के लिए डॉउट क्लासेज़ के साथ-साथ रेगुलर एक्स्ट्रा क्लासेज़ की व्यवस्था की गई थी। जिसके लिए छात्रों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले बुलाया गया, और उन्हें एक्स्ट्रा क्लासेज़ के लिए स्कूल के समय के एक घंटे बाद छोड़ा गया। वहीं शाम की कक्षाओं का आयोजन, प्रत्येक गाँव के पंचायत भवन में किया गया। इतना ही नहीं, परीक्षा अंतराल के दौरान, छात्रों को किसी भी विषय के बारे में अपने प्रश्नों को हल करने के लिए स्कूल बुलाया जाता था। छात्रों को उनकी पढ़ाई में सहायता करने के अलावा, स्कूल ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा से पहले या उसके दौरान, किसी भी स्तर पर छात्रों में आत्मविश्वास की कमी न हो और शिक्षकों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी छात्र हर समय प्रेरित हों।

महिला संबंधी अपराधो के विरूद्ध "गुंज" अभियान जारी

थाना बतौली द्वारा महिला उत्पीन के मामले मे त्वरित कार्यवाही
सायबर सेल के प्राप्त तकनिकी जानकारी के आधार पर आरोपी को लिया गया हिरासत मे।
पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन मे अभियान गुंज चलाकर की जा रही त्वरित कार्यवाही।

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। प्रार्थिया के द्वारा थाना बतौली में आकर रिर्पोट दर्ज कराया गया कि प्रार्थिया के फेसबुक एवं ईस्टाग्राम आई.डी पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अंजली नवरंगी के नाम से फेक आई.डी बनाकर प्रार्थिया को गंदी गंदी एवं अश्लील मैसेज कर प्रताड़ित कर रहा हैं, प्रार्थिया के रिर्पोट पर तत्काल अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय यादव (भा.पु.से.) के सतत मार्गदर्शन मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमति भावना गुप्ता(भा.पु.से.) के

निर्देशन मे महिला संबंधी अपराधो के त्वरित निराकरण हेतु आपरेशन ÷गुंज÷ चलाकर आरोपी का पता तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थें। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अखिलेश कौशिक के नेतृत्व मे निरीक्षक श्री विजय प्रताप सिंह एवं थाना प्रभारी बतौली श्री प्रमोद पाण्डेय के द्वारा टीम गठित कर प्रकरण के सम्बन्ध मे सायबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त कर संदेही रूपेश नवीन नाग साकिन बरियातू झारखण्ड को हिरासत मे लेकर धटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी के द्वारा अंजली नवरंगी के नाम से फेक आई.डी बनाकर प्रार्थिया को गंदी गंदी एवं अश्लील मैसेज कर प्रताड़ित करना स्वीकार किया,आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

विकासखंड उदयपुर में विकासखंड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण संपन्न

-नगर संवाददाता-

उदयपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। विकासखंड उदयपुर के अंतर्गत चिन्हित बालवाड़ी केंद्र के संचालन हेतु चयनित शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 16/08/2022 से 18/08/2022 तक संपन्न हुआ।विकासखंड उदयपुर अंतर्गत कुल 27 बालवाड़ी केंद्र का चयन किया गया है जिसके संचालन के लिए बालवाड़ी के नजदीकी प्राथमिक शाला के एक एक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 5 से 6 वर्ष के बच्चे जो आंगनबाडी में दर्ज हैं उन्हें प्राथमिक शाला में दर्ज करने के पूर्व कक्षा पहली में प्रवेश के लिए तैयार करना है।

प्रशिक्षण को सम्पन्न करने में मास्टर ट्रेनर अरविन्द कुमार ध्रुव, सरोज सिंह, सुमन सोसन किंडो एवं सरिता तिर्की की प्रमुख भूमिका रही। यह प्रशिक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार तिवारी एवं बीआरसी उषा किरण बखला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ

6 प्रतिशत डीए जारी कर शासन ने 6 प्रतिशत डीए की डंडी मारी:अशोक लाल कुर्रे

5 दिन के आंदोलन को अनिश्चितकालीन आंदोलन में नही बदलना फेडरेशन की चूक,कर्मचारियों का हुआ बड़ा नुकसान

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है शासन द्वारा 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी किया गया है, जबकि कर्मचारियों का 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता लंबित है, जाहिर है शासन ने 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता की डंडी मार ली है। शासन के अधिकारी बिचौलिये की तरह काम कर रहे है, यह काफी आपत्तिजनक है कि प्रतिशत की डी ए जारी की गई है, जिसे 1 अगस्त 2022 से लागू किया गया है, 6 प्रतिशत कम डी ए जारी किया गया है साथ ही देय तिथि से भी नही दिया गया है, यह दोहरी डंडी का मार कर्मचारियों को भारी पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संगठन सह-सचिव अशोक लाल कुर्रे ने कहा की मुख्यमंत्री से भेंट के लिए हमें भी बुलाया गया था किंतु कम डीए के संकेत के कारण हमने मिलना उचित नही समझा, ऐसे में महासंघ व फेडरेशन का मुख्यमंत्री से भेंट करना 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी होने के बाद बेमानी हो गया है, इससे कर्मचारियों का बड़ा नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शालेय शिक्षक संघ, नवीन शिक्षक संघ द्वारा 25 जुलाई से 2 सूत्रीय मांग देय तिथि से लंबित मंहगाई भत्ता व देय तिथि से एचआरए को सातवें वेतन के आधार पर पुनरीक्षित करने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन किया गया था, इस समय कर्मचारियों का दबाव सरकार पर सर्वाधिक था, 4 लाख 50 हजार कर्मचारियों की इच्छा थी कि फेडरेशन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल करे किन्तु फेडरेशन ने 29 जुलाई को अपनी हड़ताल बन्द कर दी, यह फेडरेशन की बड़ी चूक थी, इस समय महासंघ हड़ताल फ्रेम से बाहर ही थे,

तब उन्हें कोई अवसर भी नही मिलता। फेडरेशन के वापसी से मांग कमजोर हो गया और हमे भी शिक्षक हित के विषय को भी साथ रखने की भावना के साथ हड़ताल बन्द करना पड़ा, शासन तो तभी 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता के संबंध में विचार कर चुकी थी। 30 जुलाई को बूढ़ा तालाब रायपुर में जंगी प्रदर्शन व आक्रोश रैली निकालकर हजारो शिक्षको ने मंहगाई भत्ता व एचआरए की मांग को सरकार तक पहुंचाने में सफल थे। संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत ने कहा कि 30 जुलाई को बूढ़ा तालाब रायपुर में जंगी प्रदर्शन व आक्रोश रैली का व्यापक असर हुआ जिसके कारण मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर जीएडी द्वारा सूचना देकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, शालेय शिक्षक संघ, नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल को मंत्रालय में चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया। अधिकारियों के साथ बैठक में पक्ष रखते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने देय तिथि से 12 प्रतिशत मंहगाई भत्ता एकमुस्त देने व एचआरए पुनरीक्षित करने मांग पुरजोर तरीके से रखने के साथ ही नियम विरुद्ध वेतन कटौती आदेश को निरस्त करने कहा था, संजय शर्मा ने स्पष्ट कहा था कि 12 प्रतिशत से कम डीए मंजूर नही होगा।

ज्ञात हो कि संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत द्वारा 2012-13 व 2018 की तरह अन्य प्रमुख शिक्षक संगठनों से समान भूमिका में एकजुट होने के लिए पहल किया जा रहा है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 22 अगस्त से घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल के सम्बंध में उन्होंने कहा है कि हम फेडरेशन में शामिल नही है इस संबंध में एल बी संवर्ग के मांगो को रखते हुए निष्पक्ष बैनर, सामूहिक नेतृत्व व समान भूमिका वाली टीम बनने पर हड़ताल को सफल बनाने समीक्षा बैठक शीघ्र आयोजित कर रणनीतिक निर्णय लिया जाएगा।

शाम को उतारना भूले तो रातभर फहरता रहा तिरंगा

-पृथ्वीलाल केशरी-
रामानुजगंज 18अगस्त 2022 (घटती घटना)।

आजादी के 75 वे वर्षगांठ पर हर-हर तिरंगा घर-घर तिरंगा फराहने की ओढ़ मे प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा जमकर प्रसार प्रचार करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज का भी वितरण किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसको दिन अस्त होने के पूर्व ही उतारना था। लेकिन जिम्मेदार उतारना भूल गए और अंधेरे के बीच रातभर फहरता रहा। आज गुरुवार को सुबह लोगों की नजर जब तिरंगे पर पड़ी तो लोगों में चर्चा का विषय बन गया इसकी खबर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानुजगंज श्रीमती शर्मिला गुप्ता को लगी तो उन्होंने आश्चर्य जाहिर करते हुए कहां कि घोर लापरवाही है स्वतंत्रता दिवस की कितने दिन की घर आ रहा है और उन्होंने तत्काल लोकल व्हाट्सएप ग्रुप में तिरंगा झंडा उतारने का मैसेज प्रेषित कर निवेदन किया। नियमानुसार ध्वजारोहण पश्चात सूर्यास्त के पूर्व राष्ट्रीय ध्वज को उतारा जाना चाहिए,परंतु यहां पर ध्वजारोहण करने वाले इस नियम को भूल गए। जिसका परिणाम यह रहा कि राष्ट्रीय ध्वज सूर्यास्त के बाद कई दिनों तक भी उतारा नहीं गया।



समय से ज्यादा जीवन अमूल्य,सड़क पर वाहन चलाते समय रखे विशेष सतर्कता

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर सूरजपुर पुलिस का विशेष जागरूकता अभियान

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

सड़क दुर्घटना से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता के विशेष अभियान चलाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में बुधवार 17 अगस्त को चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह के द्वारा अम्बिकापुर-बिलासपुर एनएच 130 के ग्राम तारा में यातायात जागरूकता अभियान के तहत आवागमन कर रहे वाहन चालकों को रोककर सुरक्षित ढंग से वाहन चलाने के उपाय बताए और उन्हें समझाया कि समय से ज्यादा जीवन अमूल्य है सफर के दौरान विशेष सतर्कता बरते, वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय सीट

बेल्ट का उपयोग जरूर करें, तय गति से सुरक्षित वाहन चलाए, दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने का सलाह देते हुए हेलमेट की उपयोगिता के बारे में अवगत कराया। इस दौरान चौकी प्रभारी ने वाहन चालकों को विशेष तौर पर कहा कि यातायात नियमों का पालन के साथ ही भीड़ वाली जगहों सहित स्कूल के आसपास धीमी गति से वाहन चलाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो।

एसईसीएल कोरबा प्रबंधन पर लापरवाही एव सुरक्षा की अनदेखी के गंभीर आरोप

-नगर संवाददाता-
कोरबा,18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड की टीम एसईसीएल अधिकारियों के साथ कोरबा के रजगामार खदान पहुंची और पिछले महीने हुए हादसे की जानकारी ली। टीम ने विभागीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अख्तर जावेद उस्मानी ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि, जिले में संचालित विभागीय अस्पताल की स्थिति काफी खराब है। साथ ही उन्होंने 5 जुलाई 2022 को रजगामार कोल परियोजना में बंकर के गिरने से हुई मजदूर की मौत को काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। एसईसीएल की रजगामार कोल परियोजना में बंकर गिरने से 48 वर्षीय कर्मचारी राधेश्याम की मौत हो गई थी। जिस वक्त एसईसीएल कर्मी राधेश्याम बंकर के ऊपर काम कर रहा था, वहीं नीचे में एक ट्रेलर खड़ा थढ्ढ,जिस पर कोयला लोड होना था। उसी दौरान बंकर का बड़ा हिस्सा गिर गया। इससे वो उसके नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। अब जब कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अख्तर जावेद उस्मानी ने खदानों और अस्पतालों का जायजा लिया, तो वे व्यवस्था से खासे नाराज हुए ढ्ढ उन्होंने कहा कि रजगामार के प्रबंधन द्वारा घोर लापरवाही की गयी, बंकर का मेंटेनेंस न होना लापरवाही को दर्शाता है सुरक्षा की दृष्टि से भी लापरवाही बरती गयी , जिसकी रिपोर्ट ऊँच अधिकारियों को दी जायेगी ,साथ ही कहा कि एसईसीएल के अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी होने के साथ ही सुविधाओं के नाम पर कोल कर्मियों के साथ प्रबंधन द्वारा भद्दा मजाक किया जा रहा है।

उत्कृष्ट शिक्षक स्वतंत्रता दिवस समारोह में हुए सम्मानित

-नगर संवाददाता-
खडगवां ,18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कोरिया में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय गुप्ता जी के निर्देशानुसार तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा ,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता और खंड स्रोत समन्वयक श्री ओम शंकर सिंह के सयुक्त मार्गदर्शन में लगभग छः सौ शिक्षक कार्य कर रहे हैं। उनमें से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों में से 4 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में समारोह के मुख्यअतिथि मान.पारसनाथ राजवाड़े संसदीय सचिव छ.ग. शासन जी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर

सम्मानित किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर के श्री रघुराज सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सोस एव श्री दिनेश कुमार ठाकुर प्र.प्रधान पाठक प्रा.शा.लकड़ापारा तथा माध्यमिक स्तर से श्री विजय कुमार पाण्डेय प्र.प्रधान पाठक शा.पू.मा.शा.देवाडाड एवं श्री रविंद्र कुमार पैकरा शिक्षक शा.पू.मा.शा.बचरा को सम्मानित किया गया ।

विगत सत्र 2021-22 में कोविड19 के वावजूद प्राथमिक शाला सोंस से 9 एकलव्य, 01 नवोदय,01उत्कृष्ट विद्यालय के लिए विद्यार्थियों का चयन। प्राथमिक शाला लकडापारा से 6एकलव्य,01 नवोदय 01उत्कृष्ट विद्यालय के लिए विद्यार्थियों का चयन ।माध्यमिक स्तर में अधिकारियों के सतत मॉनिटरिंग के अनुसार पूर्व माध्यमिक देवाडांड और बचरा में बच्चों की उत्तम शैक्षिक ज्ञान स्तर और उपस्थिति लगभग शतप्रतिशत होने के कारण सम्मान के लिए चयन किया गया।

संतान की लंबी उम्र की कामना के लिये महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

-नगर संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

छतीसगढ़ का पारंपरिक पर्व कमरछठ जिसे हलषष्ठी भी कहा जाता है आज धूमधाम से मनाया गया। कोरोनाकाल के खत्म होने के बाद पहली बार महिलाएं एक जगह पर एकत्रित होकर पर्व को मना रही थी। इस दिन संतान की लंबी उम्र की कामना के लिये माँ निर्जला व्रत रखती है और पूजा पाठ करने के बाद शाम को पसहर चावल के बने प्रसाद को ग्रहण करती है । इस पूजा के लिये बाजार में कई सामग्रिया सड़क किनारे मिलती है जिसे लाकर पूजा की जाती है। कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ में भी महिलाओं ने इस पर्व को धूमधाम से मनाया और निर्जला व्रत रखकर पूजा की। पूजा के दौरान महिलाएं पूजा स्थल का चक्कर भी लगाती है। पूजा के बाद अपनी संतान को छुही पोता भी पीठ पर सात बार लगाया गया ।

मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को लगातार सशक्त किया जा रहा:कमरो

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो की सराहनीय पहल पर किसानों के हितों को सर्वोपरि रख राज्य सरकार ने भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के सोनहत विकासखंड स्थित रजौली बांध में स्लूस निर्माण एवं सीसी चैनल निर्माण हेतु, 2 करोड़ 20 लाख 85 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि रजौली बांध में स्लूस निर्माण एवं सीसी चैनल निर्माण से विकासखंड सोनहत के 4 गाँव बदरा, रजौली, धनपुर एवं खोडरी के लगभग 400 किसान लाभान्वित होंगे। क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा मिलेगी। सीसी चैनल की सौगात मिलने से क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। किसानों का कहना है कि अब उन्हें सिंचाई की चिंता नहीं सताएगी और वे विधायक की पहल से शासन की ओर से मिली सौगात का भरपूर लाभ ले सकेंगे। खेती-किसानी अच्छी होने से उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। किसानों ने कहा कि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे कर्मवीर विधायक गुलाब कमरो और प्रदेश के मुखिया हमेशा से किसानों के हमदर्द रहे हैं। वहीं विधायक कमरो ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की आत्मा गाँवों में बसती है। सभी वर्गों के साथ मूलभूत विकास कार्यों एवं ग्रामीण अंचलों के समुचित विकास के लिए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों को लगातार सशक्त किया जा रहा है।

जिलेभर में बारिश के बीच जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ,कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण

-नगर संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्री शर्मा ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिले में किए आज रहे कार्यों की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया तथा कहा कि आप सभी की मेहनत से शासन की फ्लैगशिप योजनाओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है,कुपोषण दर में कमी आयी, शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों से प्राप्त देशभक्ति की भावना संजोए रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार सहित, अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

होटल हसदेव इन में लीनेस क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण की अध्यक्ष एवं मारवाड़ी महिला तेजस्विनी की अध्यक्ष ने सामूहिक रूप से किया ध्वजारोहण- आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव बड़े ही आन बान और शान से गरिमामय तरीके से होटल हसदेव इन मे लीनेस क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण अध्यक्ष पम्मी अरोड़ा एवं मारवाड़ी महिला तेजस्विनी की अध्यक्ष अनीता फरमानिया द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया, आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले शहीदों को नमन किया गया, इस शुभ अवसर पर बेबी मखीजा, रजनी अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, प्रीति जायसवाल, दविंदर कौर, बबीता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, श्वेता पोद्दार, मीना बंसल, संगीता अग्रवाल, रमा अग्रवाल, सुनीता गोयल रेखा शर्मा, इंदु सैनी, मधु गायकवाड, आदि उपस्थित रहे।

स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया- कृषि महाविद्यालय में 76 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोरिया में 76वां स्वतंत्रता दिवस अधिष्ठाता डॉ. डीके गुप्ता की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ तिरंगा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में छात्र जीवन के दौरान समय के विशेष महत्व पर प्रकाश डाला और सुव्यवस्थित तरीके से अपने जीवन में लागू कर उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से करने हेतु प्रेरणा दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य एवं डॉ. एन.के. मिश्रा ने दिवस का इतिहास एवं महत्व बताया तथा अमर शहीद वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवगाथा का गुणगान किया। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं नृत्य की मनोरम प्रस्तुति छात्र-छात्राओं द्वारा की गई। कृषि महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम चेरवापारा में **हर घर तिरंगा** प्रभात रैली निकाली गई एवं नारे लगाए गए। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन डॉ. संजय कुमार घृतलहरे एवं छात्र सुनील कुमार गुर्जर, बीएससी (कृषि) चतुर्थ वर्ष तथा धन्यवाद ज्ञापन आस्था मिश्रा, बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष ने किया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

81 युवा स्वस्फूर्त आए रक्तदान करने सभी वर्गो ने बढ़कर निभाई हिस्सेदारी

-नगर संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के याराना ग्रुप की अपील पर 15 अगस्त को स्वस्फूर्त तरीके से 81 लोग रक्तदान करने के लिए आगे आए। आज जब भारत अपनी आजादी की हीरक जयन्ती के उल्लास से खुशियां मना रहा है। ऐसे में वीर बलिदानियों को याद करते हुए देशप्रेम के जज्बे के साथ युवाओं की टीम ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया। इस आयोजन में युवाओं के साथ व्यापारी वर्ग, शासकीय सेवकों, अधिकारी कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में लोकप्रिय चेहरे भी उत्साह से शामिल हुए। इसी वर्ष युवाओं की श्रेणी में शामिल हुए मात्र 18 वर्षीय सचिन द्विवेदी और लगभग 60 वर्षीय विजय जायसवाल ने भी अपना कीमती रक्त देकर सभी को प्रेरित किया।

15 अगस्त के सुअवसर पर याराना ग्रुप के इस अभिनव आयोजन में रक्तदान करने के लिए सर्वश्री शिवकुमार सिंह, प्रीतम बेक, राजीव गुप्ता, एम एल राय, राकेश सिन्हा, तरुण सिंह रघुवंशी, फैजल कमर, विश्वजीत सिंह, अनुभव राज, अनिल कुमार राजवाड़े, संदीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता गुल्लू, नरेंद्र नामदेव, भरत यादव , विनोद कुमार, नूतन कुमार साहू, मोहम्मद फिरोज अंसारी, चरचा शिवपुर के पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका अजीत लकड़ा, सन्तोष ओहदार, नीलाभ गुप्ता, प्रशांत जायसवाल, सुनील अग्रवाल, शुभम गुप्ता, पत्रकार अनूप बड़ेरिया, अनूप कुमार अग्रवाल, रोहित डबरे, विकास कुमार नामदेव, प्रदीप कुमार पाठक, अजय कुमार साहू, राजेश दुबे, फिरोज खान, आशीष डबरे, योगेश गुप्ता सुदीप अग्रवाल, अनुराग दुबे और रूद्र मिश्रा सहित अन्य जनो ने रक्तदान कर आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर रणधीर सोनी, अनुराग दुबे, मनराखन शर्मा, महेश साहू, विकेश कुशवाहा, अंचल राजवाड़े सहित 35 से ज्यादा युवाओं ने भविष्य में भी आवश्यक होने पर रक्तदान के लिए अपनी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। याराना ग्रुप का उत्साह बढ़ाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रामेश्वर शर्मा ने सभी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में ब्लड बैंक के श्री अतर सिंह, श्री भोई जी सहित अन्य चिकित्सा स्टाफ पूरे समय उपस्थित रहे और सभी रक्तदाताओ के प्रति आभार जताया।

असम में होने वाली वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग फेडरेशन चैम्पियनशिप में शामिल होंगे कोरिया के 08 खिलाड़ी

खिलाड़ियों की आवागमन में मदद करने अधिकारियों को मिला निर्देश

-नगर संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

जिला कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित जनदर्शन में 26 लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवेदनों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

इसी दौरान जनदर्शन में कलेक्टर श्री शर्मा से जिले के पावर लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने असम राज्य में आगामी सितम्बर माह में आयोजित होने वाले वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन चौम्पियनशिप में हिस्सा लेने की जानकारी दी और इस हेतु आवागमन के लिए सहयोग की बात की। कलेक्टर श्री शर्मा ने संवेदनशीलता से उनकी बात सुनी और त्वरित निर्णय लेते हुए खिलाड़ियों की मदद करने अधिकारियों को निर्देशित किया और खिलाड़ियों को सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने ड्रग कंट्रोलर श्री संजय नेताम को आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। जनदर्शन में पहुंचे खिलाड़ी संजू दास ने बताया कि जुलाई माह में राजधानी रायपुर में आयोजित स्टेट पावर लिफ्टिंग फेडरेशन में जिले से कुल 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से 08 का चयन वर्ल्ड चौंपियनशिप में हुआ है। हम सभी को राज्य का नेतृत्व करने का मौका मिला है, इसलिए हम बहुत उत्साहित हैं। सभी मध्यम वर्गीय परिवार से होने के कारण हमें आने-जाने में होने वाला खर्च विचलित कर रहा था, इसलिए हमने आज जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था कराने निर्देशित किया जिससे हम सब काफी खुश हैं और जिला कलेक्टर के प्रति आभारी हैं।

संक्षिप्त समाचार

कृष्ण जन्माष्टमी पर कल बंद रहेंगी शराब दुकानें, मांस बिक्री पर भी प्रतिबंध, राज्य शासन ने जारी किया आदेश

रायपुर, 18 अगस्त 2022। राज्य शासन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को शुष्क दिवस घोषित किया है. इस दिन कहीं भी शराब नहीं बिकेगी. फुटकर दुकान, रेस्टोरेंट, बार, होटल, क्लब जैसी सभी जगहों पर शराब नहीं बिकेगी. आबकरी विभाग ने आदेश जारी कर ड्राई डे घोषित किया गया है.

वहीं नगरीय निकायों की सीमा में मांस बिक्री की दुकानें बंद रहेंगी. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव राकेश साहू ने आदेश जारी कर विशिष्ट अवसरों पर मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की दी शुभकामनाएं

रायपुर, 18 अगस्त 2022। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल सुश्री उइके ने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने भागवद् गीता के माध्यम से मानव को जीने की सही राह दिखाई। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश जनमानस के लिए युगों-युगों से पथ प्रदर्शक रहा है। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश आज भी प्रासंगिक है। यह हमें कर्म एवं ज्ञान का पथ दिखाता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है।

रायपुर में मोबाइल फोन चोरी और लूट मामले में 2 गिरफ्तार

रायपुर, 18 अगस्त 2022। राजधानी मोहित कुमार शाह ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह देवपुरी में रहता है। प्रार्थी दिनांक 12.08.2022 को शाम करीबन 06.00 बजे लालपुर फल मार्केट में फल खरीदने गया था तथा अपना मोबाइल फोन वीवो वाय 12 एस को पैंट के दाहिने जेब में रखा था। फल खरीदते समय कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के उक्त मोबाइल फोन को चोरी कर ले गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 473/22 धारा 379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रार्थी धानेन्द्र कुमार श्रीवास ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह धरम नगर पचपेढ़ी नाका रायपुर में रहता है। प्रार्थी दिनांक 12.08.2022 को रात्रि करीबन 08.30 बजे शराब दुकान लालपुर में शराब खरीदने गया था तथा अपना मोबाइल फोन वीवो वाय 93 को पैंट के दाहिने जेब में रखा था। शराब खरीदते समय कोई अज्ञात चोर प्रार्थी का उक्त मोबाईल फोन को चोरी कर ले गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 474/22 धारा 379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

सीएम का बड़ा ऐलान स्वामी आत्मानंद स्कूल की तरह अब बनेगा कॉलेज

रायपुर, 18 अगस्त 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश के छात्रों के हित में फिर बड़ा एक फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ में अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की तरह कॉलेज भी बनने जा रहा है। ऐसे ही घोषणा ष्टरूबघेल ने आज की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि, विद्यार्थियों के हित में एक और बड़ा फैसला लिया। अब उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को प्रदेश के बाहर नहीं जाना होगा। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तरह प्रदेश में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय भी शुरू किए जायेंगे। गौरतलब है कि, इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए बाहर देश का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। राज्य में ही उपलब्ध होगी अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा। प्रदेश में चरणबद्ध रूप से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ होंगे।

प्रथम चरण में आगामी शैक्षणिक सत्र जून 2023 से राज्य के प्रमुख नगरों में कम से कम 10 इंग्लिश मीडियम कॉलेज खुलेंगे। आगामी तीन साल में राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में इंग्लिश मीडियम कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे। वर्तमान में राज्य में इंग्लिश मीडियम के शासकीय महाविद्यालय नहीं होने के कारण राज्य के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए महानगरों के महाविद्यालय में प्रवेश लेना पड़ता है।

महानगरों में प्रवेश लेने पर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर बड़ा आर्थिक बोझ पढ़ता है। जिसमें बड़ी राशि व्यय होती है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को 10 दिनों के भीतर कार्ययोजना प्रस्तुत करने के दिए निर्देश।

छात्रों से अवैध शुल्क वसूलने वाले कॉलेज पर लगा 3 लाख रूपए का जुर्माना

रायपुर, 18 अगस्त 2022। बीएएमएस-प्रथम वर्ष के पूरक परीक्षार्थियों से अनाधिकृत रूप से तथा दबावपूर्वक दस-दस हजार रूपए का अतिरिक्त शुल्क वसूलने वाले दुर्ग के भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पर राज्य शासन द्वारा गठित प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने तीन लाख रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। समिति ने शासन से संस्था की सम्बद्धता एवं मान्यता रद्द करने की अनुशंसा भी की है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने छात्रों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए छात्रों से लिया गया अनाधिकृत शुल्क वापस लौटाए जाने का भी संकल्प पारित कर शासन को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया है।

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष श्री प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया कि भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पुलगांव चौक, दुर्ग द्वारा शिक्षण सत्र 2021-2022 में बीएएमएस-प्रथम वर्ष के पूरक परीक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त दस-दस हजार रूपए दबावपूर्वक मांगने और लेने के संबंध में छात्रों ने शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद भारती आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय को सुनवाई का अवसर दिया गया। सुनवाई के बाद प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने पाया कि बीएएमएस-प्रथम वर्ष के पूरक परीक्षार्थियों से संस्था द्वारा अनाधिकृत रूप से दस-दस हजार रूपए अतिरिक्त वसूला गया है।

कमिश्नर यानी आईएएस की सीआर लिखना चाहते हैं महापौर

महापौर एजाज़ ढेबर केंद्रीय मंत्री को दे सकते हैं प्रस्ताव

रायपुर, 18 अगस्त 2022। प्रदेश के महापौर अपने नगर निगम के कमिश्नर यानी आईएएस की सीआर लिखने का अधिकार मांगने जा रहे हैं। इसका नेतृत्व रायपुर के महापौर एजाज ढेबर कर रहे हैं.

एक पत्रकार वार्ता में श्री ढेबर ने बताया कि केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी को ज्ञापन सौंपकर यह अधिकार देने की मांग करेंगे। महापौर एजाज़ ढेबर ने कहा कि 26 27 28 अगस्त को रायपुर में अखिल भारतीय महापौर परिषद का सम्मेलन होने जा रहा है इसमें पूरे देश के महापौर शामिल होंगे। इस बार मेजबानी करने का मौका रायपुर के हाथ लगा है

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे साथ ही केंद्रीय शहरी विकास

मंत्री हरदीप पुरी से भी लगभग बात फाइनल हो गई है। वे कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। श्री ढेबर ने कहा कि इस दौरान हरदीप पुरी को महापौर परिषद की ओर से एक ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें कई तरह की मांगे होंगी लेकिन एक बड़ी मांग यह होगी कि महापौरों को कमिश्नर यानी आईएएस की सीआर लिखने का अधिकार मिलना चाहिए।

वैसे भी यह अधिकार पहले दिया गया था लेकिन बाद में उसे छीन लिया गया था। अगर ऐसा होता है यह एक बड़ा फैसला माना जाएगा। इससे एक बड़ा फायदा यह होगा कि ब्यूरोक्रेसी और पॉलिटिशियन के बीच बेहतर तालमेल के साथ काम होगा जिससे रायपुर और अन्य शहरों का विकास तेजी से करने में मदद मिलेगी साथ ही महापौर और भी ज्यादा शक्तिशाली हो जाएंगे। हालांकि यह प्रस्ताव अभी पहले दौर में है। देखना यह होगा कि क्या इस प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्री मंजूर करते हैं और यदि करते हैं तो क्या राज्य सरकारें इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगी।

खासकर छत्तीसगढ़ में क्या महापौर को यह अधिकार दिए जा सकते है। इसे लेकर अब सुगबुगाहट का दौर शुरू हो चुका है हालांकि इसके नतीजे अभी भविष्य के गर्भ में है।

खूंटाघाट बांध का नजारा लेने जबरिया अंदर घुसी भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठियां

भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठियां

बिलासपुर, 18 अगस्त 2022। बारिश के चलते पूरी तरह छलक रहे खूंटाघाट बांध के वेस्ट वियर का नजारा लेने के लिए लोगों की भीड़ गेट के अंदर घुस गई। इस दौरान हालात बेकाबू हो गए और हादसे का खतरा बढ़ गया कि लोगों को भागने के लिए पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी।

बिलासपुर-कोरबा मार्ग पर रतनपुर के समीप स्थित खूंटाघाट बांध में हर वर्ष 15 अगस्त को बड़ी संख्या में लोग पहुँचते हैं। बीते एक हफ्ते से हो रही लगातार बारिश के कारण खूंटाघाट बांध लबालब भरा हुआ है और वेस्ट वियर से लगातार अतिरिक्त पानी निकल रहा है। सुरक्षा के लिहाज से जल संसाधन विभाग ने वेस्ट वियर के ऊपर स्थित छोटे पुल के दोनों छोर के गेट पर ताले लगा दिए थे और भीतर जाने के रास्ते को कटीली झाडियों से भी बंद कर दिया था। बावजूद इसके बड़ी संख्या में लोग झाड़ियों को हटाकर वेस्ट

वियर में पहुंच गए। वहां पर मौजूद चौकीदार और सिंचाई विभाग के सब इंजीनियर की चेतावनी की परवाह नहीं करते हुए लोग वेस्ट वियर के ऊपर घुस गए। इसे देखते हुए रतनपुर पुलिस को सूचना दी गई।

चेतावनी अनसुनी की तो लाठियां बरसाईं

पुलिस ने यहां पहुंच कर माइक के जरिए सभी को बाहर निकलने के लिए चेतावनी दी, लेकिन अधिकांश लोग वहीं जमे रहे। इसके बाद रतनपुर पुलिस के जवान भीतर घुसे और वहां बांध का नजारा ले रहे लोगों पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। इसके बाद भीड़ भागते हुए बाहर निकली। इस दौरान बांध में लोगों के गिर जाने का भी खतरा पैदा हो गया था।

गौरतलब है कि 2 साल पहले 16 अगस्त 2020 को चार युवक नहाने के लिए बांध में इसी जगह पर कूद गए थे। इनमें से एक युवक तेज बहाव में फंस गया। किसी तरह से वह एक झाड़ी को पकडक़र ऊपर बैठ गया। वह 16 घंटे तक फंसा रहा। निकालने के तमाम प्रयास विफल होने पर वायु सेना की टीम हेलीकॉप्टर लेकर पहुंची थी और उसे एअरलिफ्ट करके निकाला गया था।

खूंटाघाट में जिस स्थान पर लोग घुसे वह बाहरी लोगों के लिए प्रतिबंधित है। बावजूद इसके लोग जबरन घुस आये। इस दौरान भीड़ इतनी हो गई थी कि यहां कोई हादसा भी हो सकता था। अगर ऐसा होता तो लोग प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते, मगर जब हादसे को रोकने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजीं तब लोग पुलिस पर लाठी चार्ज करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कर रहे हैं।

रफ्तार ने छीनी जिंदगी

छत्तीसगढ़ के इस मंत्री की बेलगाम गाड़ी ने 2 बाइक सवार युवकों को रौंदा

मौके पर 1 की मौत, दूसरा लड़ रहा जिंदगी की जंग

भिलाई, 18 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल की सरकारी गाड़ी ने दो युवकों को ठोकर मार दी. घटना में एक की मौके पर मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है. शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और चालक को गिरफ्तार कर गाड़ी को जब्त कर लिया है. इस हादसे के वक्त गाड़ी में मंत्री जयसिंह अग्रवाल मौजूद नहीं थे. इस मामले में अब स्टेट गैरेज अधीक्षक ने राजस्व मंत्री के निज सहायक से इसका जवाब भी मांगा है कि किन परिस्थितियों और किसकी अनुमति से सरकारी वाहन रायपुर से दुर्ग पहुंची. पाटन पुलिस ने बताया कि, ग्राम लोहरसी और तर्रा के बीच बुधवार को शाम को मंत्री जयसिंह अग्रवाल का वाहन क्रमांक नंबर (सीजी 02 एजी 0011) को

चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम लोहरसी निवासी प्रकाश कुमार चंद्राकर 30 वर्ष को चपेट में लिया. घटना में उसकी मौत हो गई. वहीं दूसरे युवक को भी चोट आई है. वाहन चालक बाइक सवार को ठोकर मार कर फरार हो गया था. लेकिन स्थानीय लोगों के द्वारा पाटन थाने का घेराव करने के बाद पुलिस हरकत में आई और कार को जप्त कर चालक को पकड़ लिया है.

घटना इतनी खतरनाक थी कि कार चालक बाइक सवार युवकों को 30 मीटर तक घसीटते हुए आगे ले गया. लोगों ने करीब पाटन थाने को डेढ़ घंटे तक घेर कर रखा था. मृतक जामगांव स्थित एचपी गैस एजेंसी में मैनेजर पद पर कार्यरत था. जिसका एक 4 साल का बेटा भी है. खबर लगने पर एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर, टीआई समेत पुलिस बल पहुंच गई थी. लोगों को काफी समझाइश दी गई. लेकिन सभी चालक की गिरफ्तारी की मांग कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी कर रहे थे।

400 साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा,3 मकान क्षतिग्रस्त

रायगढ़, 18 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 400 साल पुराना बरगद का पेड़ गिर गया। पुसौर तहसील के अंतर्गत आने वाले भाटनपाली गांव में पेड़ गिर जाने से 3 मकान क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं एक हनुमान जी का मंदिर भी गिर गया। आज गुरुवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे अचानक पेड़ टूटने की आवाज आने लगी। लोगों ने अपने घरों से निकलकर देखा तो उनके होश उड़ गए।400 साल पुराने विशालकाय बरगद के पेड़ को गिरता देख लोगों में अफरातफरी मच गई। वे तुरंत वहां से दूर हुए। पेड़ की चपेट में आकर घर टूट गए, हालांकि राहत की बात है कि इससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना जूटमिल थाना इलाके की है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को दी। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।बरगद के पेड़ के गिर जाने के बाद कुछ ग्रामीण अपने घर के अंदर नहीं जा पा रहे हैं, साथ ही लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है।

प्रशासन गांव वालों की सहायता में जुटा

ग्रामीण भागीरथी प्रधान ने बताया कि ये विशालकाय पेड़ लगातार हो रही बारिश के कारण कमजोर होकर गिर गया। प्रशासन पेड़ को हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

2 साल पहले बलरामपुर में गिरा था 400 साल पुराना पेड़

करीब दो साल पहले बलरामपुर जिले के राजपुर इलाके में डीपाडीह में भी 400 साल पुराना पेड़ धराशायी हो गया था। डीपाडीह राजपुर से 35 किलोमीटर दूर है। यहां 8वीं और 13वीं शताब्दी की पुरातात्विक धरोहरें मौजूद हैं। उस वक्त कई मूर्तियों पर पेड़ गिर जाने से ये क्षतिग्रस्त हो गई थीं। नंदी की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचा था।

एसपी प्रफुल ठाकुर ने किया नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण

राजनांदगांव, 18 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने नक्सल प्रभावित इलाकों का दौरा करने मोटरसाइकिल से ही निकल पड़े. उन्होंने उन इलाकों का दौरा किया जहां नक्सलियों ने कई बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. राजनांदगांव के नए एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ज्वाइन करते ही दूसरी बार इन इलाकों का दौरा करने के लिए निकल पड़े जिन इलाकों में नक्सलियों की मौजूदगी रहती है.

एसपी ने जाना लोगों का हालचाल

एसपी प्रफुल्ल ठाकुर अपने जवानों के साथ मोटरसाइकिल से ही जंगल की तरफ निकल पड़े और सभी इलाकों का जायजा लिया जहां पर नक्सली मूवमेंट करते हैं. इतना ही नहीं इस मोटरसाइकिल दौरे के दौरान एसपी नहीं रुके और खुद मोटरसाइकिल चलाते हुए उन गांवों में पहुंचे जहां के रहने वाले लोग नक्सलियों का दंश झेल रहे हैं. एसपी उन लोगों से रूबरू हुए और उनका हालचाल जाना.

इन इलाकों का किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर ने जिला राजनांदगांव के नक्सल प्रभावित क्षेत्र थाना बागनदी से थाना बोरतलाव तक घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र का बाईक से भ्रमण किया। जिले के कप्तान ने खुद मोटरसाइकिल चलाकर जंगली मार्ग में सर्चिंग करते हुए भ्रमण करते हुए क्षेत्र का जायजा लिया. थानों में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया और वहां पदस्थ जवानों से रूबरू होकर उनका हाल जाना. उन्होंने नक्सलियों की गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिये. साथ ही जवानों का मनोबल को बढ़ाया.

राजनीतिक मामलों की समिति में सीएम के करीबियों को जगह

कमेटी से महंत और रविंद्र चौबे नदारद, टीएस सिंहदेव को मिली जगह

रायपुर, 18 अगस्त 2022। कांग्रेस ने मिशन 2023 को देखते हुए राजनीतिक मामलों की समिति गठित की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाने वाले गिरीश देवांगन और सीएम के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी भी टीम में है। ऐसे में दस सदस्यीय टीम में पांच सदस्य ऐसे हैं जो भूपेश खेमे के माने जाते हैं। कमेटी में बस्तर के एक भी नेता को शामिल नहीं किया गया है।

समिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके करीबी नेताओं को जगह दिया गया है, जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डा चरणदास महंत, सरकार में ताकतवर मंत्री रविंद्र चौबे जैसे नेताओं को स्थान नहीं मिला है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल टीएस सिंहदेव और ताम्रध्वज साहू को शामिल किया गया है।

जबकि सिंहदेव के विरोधी माने जाने वाले अमरजीत भगत को भी कमेटी में शामिल करके सरगुजा के समीकरण को साधने की कोशिश की गई है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद समन्वय

समिति का गठन किया गया था। इस समिति में नौ सदस्य शामिल थे। डा चरणदास महंत को विधानसभा अध्यक्ष बनने के कारण कमेटी में शामिल नहीं किया गया था। इस बार भी संवैधानिक पद पर होने के कारण डा महंत को शामिल नहीं किया गया है। पिछली समन्वय समिति में आदिवासी नेता अरविंद नेताम को बस्तर कोटे से शामिल किया गया था। नेताम के बागी तेवर को देखते हुए कांग्रेस केंद्रीय संगठन ने उन्हें किनारे कर दिया है। नेताम का नाम हटने के बाद बस्तर से किसी नए नेता को शामिल नहीं किया गया है। केंद्रीय संगठन में दस सदस्यीय समिति के अलावा राज्य के केंद्रीय संगठन के पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय और राजेश तिवारी इसी श्रेणी में समिति में शामिल हुए हैं। राजनीतिक मामलों की समिति में प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया, अमरजीत भगत, सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू और गिरीश देवांगन हैं। इसके साथ ही महिला कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस और एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। कांग्रेस के प्रभारी सचिव डा चंदन यादव और सप्तगिरी शंकर उल्का और केंद्रीय संगठन में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सचिव और राजेश तिवारी शामिल हैं।

क्या विधायक मनेन्द्रगढ़ ने कार्यकर्ताओं को लुभाने के लिए अमृतधारा में किया भव्य बकरा-भात कार्यक्रम ?

» अमृतधारा नहीं पहुंचे संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी और कार्यकर्ता क्या थी वजह?
» चुनाव करीब आ रहे हैं नेताओं को याद आने लगे अपने जमीनी कार्यकर्ता।
» कांग्रेस संगठन और जनप्रतिनिधि के बीच का तालमेल नहीं होना बना चर्चा का विषय।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
बीते दिवस प्रकृति की अनमोल धरोहर अमृतधारा के सौम्य और शांत वातावरण के बीच मनेंद्रगढ़ विधायक के द्वारा अपने रूठे कार्यकताओं को मनाने कि गरज से बकरा भात का भव्य कार्यक्रम बीते दिवस को आयोजित किया गया था, जिस में ज़्यादातर मनेंद्रगढ़ विधानसभा के संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बुलाया गया था, सूत्रों की माने तो निर्धारित समय से काफी लेट प्रारंभ हुए कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्ताओं में आक्रोश कम होता नही दिख रहा है बेहद कम संख्या में संगठन के लोग पहुंचे थे, विधायक और उनके समर्थकों की आम जमीनी कार्यकताओं को जोड़ने कि यह कवायद भी असफल मानी जा रही है, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में पिछले चार साल के किए गए क्रिया कलाप से विधायक को लेकर असंतोष व्याप्त है बहर हाल स्थिति जो भी हो विधान सभा चुनाव करीब है मनेन्द्र गढ़ विधान सभा क्षेत्र में रूठे कार्यकर्ताओं को मनाना अब आसान नहीं दिख रहा है, जिले के एकमात्र नगर निगम के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप और उनके पूरे समर्थकों का उस कार्यक्रम में नहीं जाना कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है, सनद रहे कि नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में सुभाष कश्यप बड़ा जनाधार माना जाता है और पिछले दिनों में हुए विधानसभा चुनाव में वे और उनके समर्थकों ने जी तोड़ मेहनत कर कांग्रेश को मनेंद्रगढ़ से विधायक दिया था।

पिछले चुनाव में रहे कट्टर समर्थक,अभी हो गए कट्टर विरोधी,नहीं पहुंचे विधायक के बकरा भात कार्यक्रम में

उल्लेखनीय रहे कि मनेंद्रगढ़ विधानसभा में जिले के प्रभावशाली क्षेत्र चिरमिरी मनेन्द्रगढ़ झगरा खांड आते है जो अपने आप में राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी प्रभावशाली माने जाते हैं चिरमिरी और झगड़ा खंड ट्रेड यूनियन की राजनीति हावी है वही मनेन्द्रगढ़ शहर में व्यापारियों का बड़ा दबदबा रहा है ग्रामीण अंचल खंडगवा से भी तीन विधायक और एक सांसद रहे है वहां के भी लोग भी बड़ी राजनीतिक सूझबूझ रखते हैं, ऐसी स्थिति में सभी स्थानों पर विधायक का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच काफी विरोध देखा जा रहा है चिरमिरी की यदि बात करें तो ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप, पूर्व महापौर डमरू रेड्डी, मो. इमाम, बबिता सिंह के अपने-अपने गुट हैं, जो सभी पिछले चुनाव में विधायक विनय जायसवाल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव प्रचार किया था, लेकिन यह सभी इन दिनों विधायक जी की गतिविधियों का कहीं नहीं खुलकर विरोध कर रहे हैं या फिर दबी जुबान चुनाव में निपटने की बात कर रहे हैं सुभाष कश्यप ने विधानसभा में टिकट नहीं मिलने की स्थिति में तो निर्दलीय चुनाव लड़ने की भी मंशा कहीं न कहीं व्यक्त की है, वही डमरु रेड्डी भी अपने समर्थकों के साथ आए दिन सोशल मीडिया सहित प्रिंट मीडिया में अपनी ही सरकार के विरुद्ध बयानबाजी करते रहते है, प्रकाश तिवारी और उनके समर्थक भी चुनाव के बाद से ही नाराज चल रहे हैं महापौर पद के प्रबल दावेदार बबिता सिंह भी डॉक्टर साहब के धनबल के आगे घुटने टेकने पड़े, जो पद उनका था विधायक जी ने अपनी पत्नी को सौंप दिया इस तरह से बबीता सिंह का गुट काफी नाराज चल रहा है, निष्ठावान कार्यकर्ताओं का भी समूह चुनाव के पूर्व तक ही उनके साथ है दबी जुबान उनके बीच से भी यह बात आती है कि चुनाव का हम भी इंतजार कर रहे हैं, इस तरह से अब हम मनेंद्रगढ़ शहर की बात करें तो राजू केसरवानी का समूह विधायक जी का प्रारंभिक दिनों से ही विरोध कर रहा है और आए दिन इन दोनों गुटों की विवादों वाली स्थिति आम जनता के बीच सुनाई देती रहती है, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश सिंह भी अपने युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में अपने पुत्र के लिए कवायद देखे गए हैं, संगठन चुनाव में विधायक जी और रमेश सिंह का सीधा टकरा रहा है सर्वजनिक स्थानों पर उनके टकराव की चर्चा अभी मनेंद्रगढ़ शहर में जोरो पर है, विधायक समर्थक एक रेता ठेकेदार को लेकर प्रभा पटेल भी काफ़ी नाराज देखी जा रही है भले ही सार्वजनिक स्थानों पर विधायक जी के साथ मंच साझा कर रही हो पर विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के बीच तनातनी काफी दिनों से चर्चा का विषय बनी हुई है, खंडगवा में कांग्रेसी नेता श्रीवास्तव भी विधानसभा टिकट के दावेदार माने जा रहे हैं और इस बार ग्रामीण अंचल की जनता को इस बात के लिए अभी से तैयार कर रहे हैं कि आप सब कोशिश करिए इस बार खडगवा से ही पुनः विधायक बनाना है, इस बात की बिगुल फूंक कर विधायक विनय जयसवाल के लिए खड़गवा और पूरा ग्रामीण अंचल भी धसकता दिख रहा है विदित हो कि खंडगवा ग्रामीण अंचल से विधायक जी और उनके परिवार का पुराना नाता रहा है उनके पिता रमेश जयसवाल पिछले 50 सालों से अपना व्यापारिक काम करते आ रहे हैं विधायक बनने के बाद उनके पिता का ग्रामीणों के साथ किया गया व्यवहार भी भूलाने योग्य नहीं है छोटे छोटे बुनियादी कार्यों के लिए की गई उगाही भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

चार साल बाद फिर याद आए विधायक विनय जायसवाल को अपने जमीनी कार्यकर्ता

ज्ञात हो कि मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र मे जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं नेताओं और उनके चेले चपाटो के द्वारा लोगों को फिर से जोड़ने के विभिन्न दाव पेंच लड़ाते देखा जा सकता है उसी क्रम में मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉक्टर विनय जयसवाल जी चिरनिंद्रा से जाग चुके है पुनः फिर से क्षेत्र का विकास अस्तित्व स्थायित्व सहित रोजगार उपलब्ध कराने वाली बाते बताने लगे है स्मरण रहे कि इन्ही रटी रटाई बातों को आधार बनाकर पिछले बार भी वे चुनाव जीते थे किंतु 4 साल बीत गए धरातल का उनका कोई भी प्रयास सफल होता नहीं दिखा,, फोन नहीं उठाने के लिए चर्चित विधायक विनय जयसवाल इन तीनों अपने कार्यकर्ताओं को खुद फोन करने लगे हैं और यदि करता फोन नहीं उठाता है तो घर पहुंच जाते हैं कभी कार में तो कभी स्कूटी में, उनका नया किरदार देखकर क्षेत्र की जनता बड़ी आश्चर्यचकित है।

अमृतधारा में अपने चहेतों के साथ पिछले मंगलवार को पहुंचे थे विधायक और महापौर

पिछले एक पखवाड़े से विधायक कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा पूरे मनेंद्रगढ़ विधानसभा के जमीनी कार्यकर्ताओं की सूची मोबाइल नंबर सहित बनाई जा रही थी जिसमें कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी कि एक भी अपना जमीनी कार्यकर्ता नहीं छूटे सब से बात करो जो नाराज है उससे विधायक से बात कराओ,जो ज्यादा प्रभावशाली है विधायक जी को लेकर उनके घर जाना है उसकी जिम्मेदारी भी विधायक समर्थकों ने तय कर रखी थी लगातार 15 दिनों से चल रही मेहनत भी रंग नही लाई कार्यक्रम में प्रभावशाली लोगों का नदारद रहना निश्चित कांग्रेस पार्टी के लिए नुकसान सिद्ध हो सकता है।

कलेक्टर संजीव झा ने कोरबा निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नवनिर्मित भवनों व विकास कार्यो का लिया जायजा

-नगर संवाददाता-
कोरबा,18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
कलेक्टर संजीव झा ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित भवनों व अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया ढ्ढ इस दौरान उन्होंने डिंगापुर में नवनिर्मित 500 सीटर हास्टल को प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए विकसित करने व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवनिर्मित जिला लाइब्रेरी भवन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए लाईब्रेरी को जल्द प्रारंभ करने हेतु शीघ्र प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर संजीव झा ने निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय तथा जिले के अन्य अधिकारियों के साथ नगर निगम कोरबा क्षेत्र में नवनिर्मित शासकीय भवनों व विकास कार्यो का जायजा लिया, डिंगापुर में निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद से 500 सीटर हास्टल का निर्माण कराया गया है, कलेक्टर श्री संजीव झा ने सम्पूर्ण हास्टल परिसर का भ्रमण किया तथा उक्त भवन को प्रयास आवासीय विद्यालय के संचालन हेतु विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार उक्त नवनिर्मित हास्टल के बगल में स्थित 250 सीटर बालक छात्रावास एवं 250 सीटर बालिका छात्रावास का निरीक्षण भी कलेक्टर श्री झा के द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रावास में उपस्थित बच्चों से भेंट कर हास्टल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली, वहॉ पर बिजली, पानी, भोजन, नाश्ते आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर छात्रों से चर्चा की,

किचन का निरीक्षण किया तथा भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। 500 सीटर हास्टल के निरीक्षण के दौरान कुछ दीवारों पर बरसाती पानी के सीपेज पाए जाने पर कलेक्टर श्री झा ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीपेज को तत्काल ठीक करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हास्टल का निर्माण बच्चों के लिए किया गया है तथा बच्चों से संबंधित कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही व कार्य की गुणवत्ता के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नही होगी तथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर ने डिंगापुर में नवनिर्मित 04 मंजिला जिला पुस्तकालय भवन का अवलोकन किया। उन्होने पुस्तकालय भवन में निर्मित किए गए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं जायजा लेते हुए पुस्तकालय भवन में फर्नीचर, बुक्स, पत्र-पत्रिका, रिसेप्शन काउंटर, पाठकों के लिए बैठक व्यवस्था, लिफ्ट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा कि जिला पुस्तकालय एक आदर्श पुस्तकालय व सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी के रूप में अपनी पहचान बनाएं, इस हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।कलेक्टर संजीव झा ने निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के साथ निर्माणाधीन अशोक वाटिका का निरीक्षण किया। सम्पूर्ण प्लांनिंग का अवलोकन करते हुए उन्होंने कार्यो में तेजी लाने, कार्य संपादन के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने व समय सीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा ने निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि अशोक वाटिका शहर का सबसे प्रमुख पर्यटन व मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित होने जा रहा है, अतः यहाँ की प्रत्येक व्यवस्थाओं को पूरी प्लानिंग के साथ विकसित किया जाए। अशोक वाटिका निर्माण पश्चात आम नागरिकों के लिए उद्यान में प्रवेश निःशुल्क रखा जाए तथा उद्यान में उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं को ही सशुल्क रखा जाए। उन्होंने उद्यान के विभिन्न स्थानों पर सेल्फी जोन स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। यहॉ उल्लेखनीय है कि लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत से कोरबा के स्टेडियम रोड स्थित अशोक वाटिका का उन्नयन कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है, इस कार्य में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए पर्यटन, मनोरंजन, स्वास्थ्य, योगा, प्राणायाम व खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं शामिल की गई हैं, इसके तहत ओपन थियेटर, सिटिंग जोन, रेल टेऊक्र, ओपन जिम एरिया, बोटिंग जोन, रीडिंग जोन, वाटरफाल व रॉक गार्डन, हर्बल गार्डन, कैफेटेरिया, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कलरफुल फाउण्टेन, बटरफ्लाई जोन, वाटर बॉडी, स्टेप गार्डन, म्यूजिकल फाउण्टेन, रिलैक्सीन एरिया, स्पोर्ट्स जोन साइकिलिंग टैऊक्र, फ्लावर जोन, वर्टिकल गार्डन, योगा जोन, फूड जोन, वेंडर जोन व चौपाटी, स्टोन फाउण्टेन, पार्किंग एरिया, लैण्ड स्केपिंग, लॉन एरिया, प्लांटेशन, उद्यानिकी, पाम कलस्टर, महिला-पुरुषों के लिए पृथक-पृथक टायलेट सुविधा, टिकट काउंटर, बाउण्ड्रीवाल व भव्य प्रवेशद्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती माया वारियर, पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यपालन अभियंता श्री वर्मा, सहायक अभियंता रामनरेश दुबे, निगम के सहायक अभियंता एच.आर.बघेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सुनील टांडे, विनोद नेताम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विश्रामपुर के एनएच पर आवारा घुम रहे मवेशियों को भेजा जायेगा गौशाला

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर बीते दिन थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी व यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा नगर पंचायत विश्रामपुर के अधिकारी, पार्षद, ग्राम पंचायत केशवनगर, शिवनंदनपुर व सतपता के सरपंचों की बैठक लिया और नगर में अव्यवस्थित लगे रहे दुकानों को व्यवस्थित करने तथा एनएच पर आवारा घुम रहे मवेशियों को गौशाला भेजने को लेकर रणनीति पर चर्चा कर कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गई और शहर को सुन्दर और सुगम बनाने के लिए समस्त जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सड़क पर मवेशियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, सुगम आवागमन एवं आमजनता की सुरक्षा के लिए एनएच पर आवारा घुम रहे मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजी जायेगी, नगर के बस स्टैण्ड एवं गुदरी बाजार के पास लग रहे अव्यवस्थित दुकानों को व्यवस्थित कराया जायेगा। इस दौरान पार्षद रविशंकर, अंशुल बजेठा, संजीत यादव, रामलाल सोनी, कार्तिब दुबे, जयप्रकाश, धर्मेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार अग्रवाल, उपसरपंच महेश ठाकुर, प्रतिनिधि चंदन सिंह, दुर्गा यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव राष्ट्रपति के द्वारा वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किए जाएगा

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़ की माटी में जन्मे, पले पढ़े फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव (35147) पायलट जो एक फाइटर स्क्वाद्रन में तैनात हैं को देश के महामहिम राष्टपति के द्वारा वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया जाएगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव का जन्म मनेंद्रगढ़ के रेलवे कॉलोनी में निजी निवास में रहने वाले डी गोपाल राव एवं श्रीमती बी ज्योति राव के यहां 11 अगस्त 1993 को सेंट्रल हॉस्पिटल मनेंद्रगढ़ में हुआ था। उनकी शिक्षा प्री प्राथमिक खालसा स्कूल मनेंद्रगढ़ एवं मिडिल तथा मैट्रिक शिक्षा सेंट्रल स्कूल झगराखांड एवं मनेंद्रगढ़ में हुई। हायर सेकेंडरी उन्होंने हैदराबाद से किया जहां उनका चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए हो गया और वे 2012 में खड़कवासला पुणे में प्रवेश लिए। 2015 में उन्हें राष्टपति कमीशन से फ्लाइंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। वर्तमान में रविंद्र राव स्क्वाद्रन लीडर फाइटर पायलट के रूप में अंबाला में पदस्थ हैं जो सेना के जगुआर फाइटर प्लेन के माध्यम से देश की रक्षा में संलग्न है ।
वायु सेना पदक दिए जाने की प्रेस विज्ञप्ति में रक्षा मंत्रालय ने उल्लेख किया है कि 6 नवंबर

2021 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट रविंद्र राव एक डिटैचमेंट के हिस्से के रूप में एक जगुआर विमान को दूसरे बेस पर ले जा रहे थे। बेस पर उतरते ही उन्होंने एक धमाके की आवाज सुनाई दी जो देश पर उतर रहे दूसरे जगुआर विमान जो दुर्घटनाग्रस्त हो रहा था और फिसल कर रनवे से बाहर हो गया था। लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव ने देखा कि विमान उल्टा हो गया है काट पीट की छत का एक हिस्सा टूट गया है दोनों इंजन चल रहे हैं पायलट घायल है और इंजेक्शन सीट से बंधा हुआ है लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव ने अपनी जान जोखिम में डालकर घायल पायलट तक पहुंचे और पायलट को बाहर निकाल कर स्ट्रेचर पर बांधने में बचाव दल की मदद की। फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव ने अपने जीवन के लिए प्रत्यक्ष खतरे का सामना करने के लिए असाधारण साहस एवं वीरता दिखाई। वह अपनी सामान्य ड्यूटी की जिम्मेदारियों से बहुत आगे निकल गए। आधे बेहोश हो चुके पायलट के बचाव में व्यक्तिगत रूप से खुद को शामिल किया और बचाव अभियान को प्रभावी ढंग से पूरा करने में बचाव दल की सहायता एवं मार्गदर्शन किया। असाधारण साहस के इस कार्य के लिए फ्लाइट लेफ्टिनेंट डी रविंद्र राव को आगामी दिनों में वायु सेना पदक (वीरता) से राष्टपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा जो मनेंद्रगढ़ नगर ही नहीं समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी है।

अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को खनिज शाखा का अतिरिक्त प्रभार

कोरबा,18 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को जिला खनिज शाखा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में कलेक्टर संजीव झा ने पत्र जारी कर दिए हैं ढ्ढ अपर कलेक्टर श्री पाटले अपने वर्तमान दायित्वों के साथ जिला खनिज कार्यालय शाखा का भी कामकाज देखेंगे। जिला खनिज शाखा के प्रभारी अधिकारी उप संचालक खनिज प्रशासन एसएस नाग का स्थानांतरण जिला खनिज कार्यालय जगदलपुर में होने के फलस्वरूप आज उन्हें नए पदस्थापना स्थल के लिए भार मुक्त कर दिया गया ढ्ढ श्री नाग के भार मुक्त होने के पश्चात उनका संपूर्ण प्रभार को अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपा गया है।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलाल कुशवाहा आ0 रामप्रसाद निवासी भट्ठी रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1940/2, 1941/1 रकबा 0.141,0.078 हे0 में से रकबा 0.010,0.012 हे0 भूमि को अनावेदक विजय लक्ष्मी पत्नी अनिल कुमार मिश्रा निवासी शहीद भगत सिंह कॉलोनी भटगांव जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपए 4,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09.09.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0- /अ-2/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-महगवां को सूचित किया जाता हैकि आवेदिका रेशमा मुंसरी पत्नी मुर्तुजा, जाति-मुसलमान, निवासी ग्राम-महगवां, तह-सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-महगवां, प.ह.न.-10 रा.नि.मं.-सूरजपुर तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रं. 318/6 रकबा 0.028 हे0 को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में ग्राम-महगवां के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24.08.2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 10.08.2022 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

न्यायालय तहसीलदार दरिमा,सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0- /अ-6-अ/2021-22

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगमनिया पत्नी स्व0 सोहर साकिन बरगंवा प0ह0न0-16 तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ0ग0) + 05 अन्य की ओर से श्री धनंजय तिवारी अधिवक्ता ने उपस्थित होकर ग्राम बरगवां स्थित पैतृक संयुक्त खाते की भूमि कुल ख0क्र0 07 रकबा 0.926 हे0 भूमि जो राजस्व अभिलेखों में आवेदिका के पति स्व0 मोहर एवं अनावेदकगण के पति व दादा स्व0 रामलाल के नाम पर ग्राम बरगवां के बी-1 वर्ष 2000-2001 में दर्ज है, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि किसी भी खातेदार के नाम पर दर्ज होना नहीं पाया गया है। अतः उक्त भूमि को आपसी सहमति के आधार पर आवेदिकागण का नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र बी-1 की छायाप्रति सहित न्यायालय में पेश किया गया है जो न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनीआपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15.09.2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दरिमा सरगुजा (छ0ग0)

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्रं0- /अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मेहजबीन खानम पत्नी अजीमुल हक खान, आयु लगभग-48 वर्ष जाति-मुसलमान,निवासी ग्राम-राजमोहिनी देवी वार्ड दत्ता कॉलोनी,नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-110 के तहत इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-पर्राडांड़, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक-2484/28 रकबा-835.7 वर्गफीट भूमि को अनावेदक जसीमुद्दीन आ0 स्व0 सलीमुद्दीन,आयु लगभग-49 वर्ष,जाति-मुसलमान, निवासी-महादेव पारा,श्रीगढ़,नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक-24/06/2021 को रूपए 2,40,000/-(दो लाख चालीस हजार रूपए) मात्र में क्रय किया है। आवेदिका उपरोक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर अनावेदक जसीमुद्दीन आ0 स्व0 सलीमुद्दीन का नाम वर्तमान नजूल अभिलेख से विलोपित कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु नजूल मेन्टेनेन्स खसरा एवं पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित अनुरोध किया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/09/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

एशिया कप 2022 में फाइट के लिए विराट कोहली ने बदली अपनी डाइट

घंटों प्रैक्टिस और जिम में पसीना भी बहा रहे

नई दिल्ली ,18 अगस्त 2022। एशिया कप 2022 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 27 अगस्त से यूएई में टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली एशिया कप में अपनी फॉर्म वापस पाना चाहते हैं, इसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कोहली की टीम ने उनकी फॉर्म वापस लाने के लिए स्पेशल डाइट और खास एक्सरसाइज की व्यवस्था की है। इन सब के अलावा कोहली घंटो बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं और जिम में वर्कआउट कर रहे हैं।

खराब दौर से गुजर रहे कोहली

विराट कोहली कुछ सालों से खराब दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने साल 2019 में आखिरी शतक लगाया था, तब से वह इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दौरे पर आराम के बाद अब विराट की एशिया कप से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हो रही है। उन्होंने आखिरी मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। इस दौरे पर विराट का प्रदर्शन काफी निराशाजनक था।

खाने की आदत बदली

विराट इन दिनों में फॉर्म में वापस आने के लिए ऑन और ऑफ-फील्ड दोनों जगह ही फोकस कर रहे हैं। उन्होंने अपने खाने की कुछ आदतें बदली हैं। अब वह अपने खाने की मात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। विराट ने फिट रहने के लिए मुख्य रूप से प्रोसेस्ड शुगर और ग्लूटेन से परहेज किया है। इसके अलावा विराट आमतौर पर डेयरी उत्पादों से परहेज करते हैं और अपने फिटनेस रूटीन को बनाए रखने के लिए संतुलित आहार लेते हैं।

ये चीजें खाना बंद कीं

बातचीत में विराट कोहली ने कहा, एक समय था जब मैं डाइट और फिटनेस पर ध्यान नहीं देता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मैंने वास्तव में अपने खाने के तरीके को बदल दिया है और अधिक अनुशासित हो गया हूं। मैं हमेशा अपने भोजन सेवन के बारे में पूर्ण जागरूकता रखने की कोशिश करता हूं। मेरे लिए क्या करें और क्या न करें काफी सरल हैं - कोई प्रोसेस्ड शुगर नहीं, कोई ग्लूटेन नहीं। मैं जितना हो सके डेयरी से भी बचता हूं।

विराट कोहली जिम रुटीन हाल ही में विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर वर्कआउट का वीडियो शेयर किया था। इसमें वह भारी वजन उठाते नजर आ रहे थे। इससे पहले उन्होंने बीकेसी ग्राउंड में आरसीबी के कोच संजय बांगर के साथ अपना प्रशिक्षण शुरू किया और अपने घरेलू जिम में अपनी फिटनेस जारी रखी। विराट कोहली खेल के आधुनिक युग में बेहतरीन एथलीटों में से एक हैं। यह किसी के लिए भी आश्चर्य की बात नहीं है कि कोहली एक फिटनेस फ्रीक हैं और संभावना है कि वह अपने फॉर्म को वापस पाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एशिया कप के लिए टीम के यूएई के रवाना होने से पहले भारतीय टीम अगले हफ्ते एनसीए कैंप में मिलने वाली है। आगामी टूर्नामेंट शुरू करने से पहले सभी खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट पास करना होगा।

2023-27 के दौरान इंग्लैंड,ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट श्रृंखलाएं खेलेगा भारत

मुंबई ,18 अगस्त 2022। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2023-27 की अवधि के लिये पुरुषों के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) की घोषणा की जिसके तहत भारत आगामी चार सालों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो टेस्ट श्रृंखलाएं खेलेगा। आईसीसी द्वारा जारी होने वाला एफटीपी एक निश्चित समयावधि के दौरान होने वाले तीनों प्रारूपों के मुकाबलों की पुष्टि करता है, जबकि टीमें अपनी सहूलत के अनुसार इन मुकाबलों की तिथियां सुनिश्चित कर सकती हैं।

भारत अगले चक्र में अपने अभियान की शुरुआत जुलाई 2023 में वेस्ट इंडीज़ दौरे से करेगा। सीमित ओवर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की मेज़बानी करने के बाद भारतीय टीम दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका जाएगी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-21 में दूसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम इस चक्र में अपनी पहली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ जनवरी 2024 में खेलेगी।

इसके अलावा भारत ऑस्ट्रेलिया में (नवंबर-जनवरी 2025), इंग्लैंड में (जून 2025) और घर पर (जनवरी-फरवरी 2027) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेगा। जून 2018 में बेंगलुरू में टेस्ट में पदार्पण करने वाली अफगानिस्तान टीम 2026 में एक बार फिर भारत में अपना एकलौता टेस्ट मैच खेलेगी। आईसीसी क्रिकेट के महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, अगले चार वर्षों के लिए इस एफ़टीपी को बनाने में किए गए प्रयासों के लिए मैं अपने सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली हैं कि हमारे पास खेल के तीन जीवंत प्रारूप हैं। आईसीसी वैश्विक कार्यक्रमों और मजबूत द्विपक्षीय और घरेलू क्रिकेट के उत्कृष्ट कार्यक्रम के साथ और यह एफ़टीपी हर तरह के क्रिकेट को फलने-फूलने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

चंद्रकांत पंडित बने केकेआर के नये मुख्य कोच

कोलकाता ,18 अगस्त 2022। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मध्य प्रदेश को पहला रणजी खिताब जिताने वाले पूर्व क्रिक्रेटर चंद्रकांत पंडित को मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह टीम के पूर्व कोच ब्रैंडन मैकुलम की जगह लेंगे। ब्रैंडन मैकुलम अब इंग्लैड टेस्ट टीम के कोच बन गए हैं।

मैकुलम ने आईपीएल 2022 के बाद टीम से हटने का फैसला किया था। अनुभवी कोच होने के बावजूद चंद्रकांत ने पहले कभी किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ काम नहीं किया। वह केकेआर के मुख्य कोच की भूमिका निभायेंगे।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने चंद्रकांत पंडित को कोच बनाए जाने पर कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि चंदू हमारी यात्रा के अगले चरण में हमारा नेतृत्व करने के लिए नाइट राइडर्स परिवार में शामिल हो रहे हैं। वह जो करता है उसके प्रति उसकी गहरी प्रतिबद्धता

और घरेलू क्रिकेट में सफलता का उसका ट्रैक रिकॉर्ड सभी के सामने है। हम अपने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उनकी साझेदारी की उम्मीद कर रहे हैं, जो एक रोमांचक होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि चंद्रकांत की अगुवाई में मध्य प्रदेश ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी 2022 जीती है, जो इतिहास में उनका पहला रणजी खिताब है।

चंद्रकांत पंडित ने नई चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा, यह जिम्मेदारी दिए जाने के लिए यह एक बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है। जो नाइट राइडर्स से जुड़े रहे हैं मैंने खिलाड़ियों और अन्य लोगों से पारिवारिक संस्कृति के बारे में साथ ही सफलता की परंपरा जो बनाई गई है उसके बारे में सुना है।

उन्होंने आगे कहा, मैं सहयोगी स्टाफ और सेट अप का हिस्सा रहे खिलाड़ियों की गुणवत्ता को लेकर उत्साहित हूं और मैं पूरी विनम्रता और सकारात्मक उम्मीदों के साथ इस अवसर को देख रहा हूं।

चंद्रकांत पंडित ने 80 के दशक के मध्य से लेकर 90 के दशक की शुरुआत तक भारत के लिए पांच टेस्ट और 36 एकदिवसीय मैच खेले।

आखिर क्यों टेस्ट क्रिकेट में धाक नहीं जमा पाए रोहित शर्मा,दिनेश कार्तिक ने दिया जवाब

नई दिल्ली ,18 अगस्त 2022। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। रोहित शर्मा ने वाइट बॉल क्रिकेट में अच्छा खासा नाम कमाया है। वनडे और टी-20 में रोहित के आंकड़े कमाल के हैं। मौजूदा समय में अगर दुनिया के सबसे खतरनाक ओपनरों की बात की जाएगी तो उस लिस्ट में रोहित शर्मा का नाम सबसे टॉप पर आएगा।

रोहित ने किया टेस्ट करियर में संघर्ष

भारत के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने अब रोहित शर्मा के टेस्ट करियर को लेकर अपनी बात रखी है। दिनेश कार्तिक ने कहा कि रोहित हमेशा मानते है कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए काफी कुछ है। मेरी बातचीत में उन्हें हमेशा लगता था कि शायद कुछ चीजें उनके मुताबिक नहीं जा रही हैं। कभी-कभी, उन्होंने एक या दो बार लापरवाह शॉट खेले, लेकिन उन्हें विश्वास था कि वह वापसी करेंगे।

टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत

दिनेश कार्तिक ने कहा कि भारत की ओर से टेस्ट का आगाज जिस तरह से रोहित शर्मा ने किया, वैसे खिलाड़ी बहुत कम होते हैं। भारतीय कप्तान ने साल 2013 में विंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में रेड-बॉल करियर की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी। रोहित ने अपने टेस्ट डेब्यू पर शानदार 177 रन बनाए और इसके बाद मुंबई

में खेले गए ए और मैच में शतक जड़कर उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

टेस्ट में लंबे समय तक नहीं चला रोहित का बल्ला रोहित की एंट्री जब टेस्ट टीम में हुई तो सचिन तेंदुलकर अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे थे। ऐसे में सभी को लग रहा था कि रोहित टेस्ट में सचिन का विकल्प बन सकते हैं। टेस्ट में धमाकेदार डेब्यू के साथ ही रोहित शर्मा सभी के पसंदीदा खिलाड़ी बन गए। लेकिन उन्होंने अगले 23 मैचों में सिर्फ एक और शतक बनाया, जिससे उनका स्थान प्लेइंग इलेवन में छीन गया और वह टीम से बाहर हो गए। साल 2018 में रोहित शर्मा को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था।

कोहली ने बतौर ओपनर किया इस्तेमाल टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद रोहित शर्मा के मन में कई तरह सवाल चल रहे थे। वो कई इंटरव्यू में इस बात को स्वीकार कर चुके थे कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए योगदान देना चाहते हैं। इसके बाद साल 2019 में विराट कोहली ने वनडे और टी-20 की तरह टेस्ट में भी रोहित से ओपनिंग कराने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर रोहित ने शतक लगाया। इसके बाद रोहित ने साल 2021 में इंग्लैंड का एक यादगार दौरा भी किया, जहां उन्होंने विदेशी धरती पर अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। रोहित शर्मा आज टेस्ट टीम के कप्तान हैं।

जडेजा की हो सकती है सीएसके से छुट्टी,ट्रेडिंग विंडो के तहत दूसरी फ्रेंचाइजी में मारेंगे एंट्री!

नई दिल्ली ,18 अगस्त 2022। आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स अपने स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ आगे का करार खत्म कर सकती है। ऐसी उम्मीद है कि ट्रेड विंडो नवंबर के आसपास या दिसंबर की शुरुआत में खुलेगी। जिसके तहत रवींद्र जडेजा को किसी और टीम खरीद सकती है। रवींद्र जडेजा का पिछला आईपीएल सीजन काफी खराब गुजरा था। जिसके बाद सीएसके मैनेजमेंट और रवींद्र जडेजा के बीच अनबन की खबरें सामने आने लगी थी।

नवंबर या दिसंबर में खुलेगी ट्रेड विंडो आईपीएल में शामिल सभी 10 टीमों को नवंबर या दिसंबर में खुलने वाली ट्रेड विंडो के खत्म होने से पहले खिलाड़ियों की अदला-बदली के कार्य को पूरा करना होगा। उन्हें अपने खिलाड़ियों की लिस्ट आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल को सौंपना होगा। इसके बाद गवर्निंग काउंसिल अगले साल जनवरी-फरवरी में होने वाली नीलामी से पहले एक सूची तैयार करेगी जिसमें नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के नाम दिए जाएंगे।

सीएसके कर सकती है जडेजा की छुट्टी चेन्नई सुपर किंग्स के रवींद्र जडेजा पर कई टीमों की नजरें बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार ऐसी खबरें सामने आ रही है कि सीएसके की टीम रवींद्र जडेजा को टीम से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। साल 2012 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने वाले भारतीय ऑलराउंडर जडेजा ट्रेड विंडो के तहत इस साल किसी दूसरे टीम का हिस्सा बन सकते हैं। जडेजा की कप्तानी में चेन्नई की टीम बेदम नजर आई थी।

जडेजा के अलावा इन खिलाड़ियों पर भी रहेगी नजरें रवींद्र जडेजा (सीएसके) के अलावा टाइमल मिल्स (एमआई), एडम मिल्ने (सीएसके), मनीष पांडे (एलएसजी), विजय शंकर (जीटी) और शाहरुख खान इन खिलाड़ियों पर भी फ्रेंचाइजियों की नजरें होंगी। ये सभी वो नाम है जो इस साल ट्रेड विंडो खुलने के साथ ही किसी दूसरी टीम में शिफ्ट हो सकते हैं। रवींद्र जडेजा की तरह ही मनीष पांडे लखनऊ की ओर से बुरी तरह फ्लॉप साबित रहे थे।

जानिए आखिर क्या होता है ट्रेड विंडो आईपीएल गवर्निंग काउंसिल टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी फ्रेंचाइजी टीमों को नीलामी से पहले एक समयसीमा देती जिसके अंदर यह फ्रेंचाइजियां अपने पास उपलब्ध खिलाड़ियों की वह सूची तैयार करती हैं जिन्हें उन्हें आगामी सीजन में रिटेन करना होता है। इसके साथ ही अगर उन्हें दूसरी टीम को कोई खिलाड़ी नीलामी से पूर्व चाहिये होता है तो वह ट्रेडिंग विंडो के जरिये आपस में करार करते हैं जिसमें खिलाड़ी अपने पुराने बेस प्राइस पर दूसरी टीम को सौंपा जाता है।

फिल्म सेल्फी में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाने को रीक्रिएट करेंगे अक्षय कुमार

दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सेल्फी में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की हिंदी रीमेक है। इसका निर्देशन फिल्ममेकर राज मेहता कर रहे हैं। फिल्म अगले साल 24 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। कहा जा रहा है कि अक्षय इस फिल्म में अपने गाने मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी को रीक्रिएट करेंगे। उम्मीद है कि एक बार फिर इस गाने में अक्षय का पुराना अंदाज देखने को मिलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाने को अक्षय सेल्फी में रीक्रिएट करते नजर आएंगे। सैफ अली खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 28 साल हो गए हैं, लेकिन सेल्फी के लिए मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी की धुन पर फिर से थिरकना अब भी सबसे प्यारी यादों को ताजा करता है।

गाना मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी को इसी नाम से 1994 में आई फिल्म में फिल्माया गया था।

गाने में अक्षय और सैफ ने अपने डांस ने समां बांध दिया था। यह गाना उस समय काफी चर्चित हुआ था। कंपोजर अनु मलिक ने इसका संगीत तैयार किया था। गाने को अभिजीत और उदित नारायण ने अपनी आवाज दी थी। माया गोविंद ने इस गाने को लिखा था। अब देखना दिलचस्प होगा कि गाने के नए वर्जन को कैसी प्रतिक्रिया मिलती है।

अक्षय और सैफ ने पर्दे पर कई फिल्मों में साथ काम किया है। ये दिल्लगी, कीमत- दे आर बैक, तू चोर मैं सिपाही और टशन जैसी फिल्मों में दोनों की जोड़ी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। सेल्फी को करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस प्रोड्यूसर कर रही है। साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म को प्रोड्यूस करने में सहयोग करेंगे। इसमें अक्षय के साथ इमरान हाशमी और नुसरत भरूचा मुख्य भूमिकाओं में हैं। ड्राइविंग लाइसेंस की अवधारणा एक पुलिस वाले और एक सुपरस्टार के इर्दगिर्द घूमती है। इसमें एक पुलिस वाला उस सुपरस्टार का बहुत बड़ा प्रशंसक होता है। संघर्ष तब बढ़ जाता है, जब सुपरस्टार पुलिस वाले के साथ दुर्व्यवहार करता है। अक्षय के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल में रक्षा बंधन में भूमि पेडनेकर के साथ दिखे हैं। वह साउथ फिल्म रक्षासुडू की हिंदी रीमेक और सुपरस्टार सूर्या की तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक का हिस्सा हैं। फिल्म राम सेतु में भी अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। इसमें उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आएंगी। ओह माय गॉड 2, सेल्फी, मिशन सिंड्रेला और बड़े मियां छोटे मियां भी उनके खाते से जुड़ी हैं।

पैर में फैक्चर होने के बाद भी खाली नहीं बैठूंगी : शिल्पा शेट्टी



रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग के दौरान पैर में फ्रैक्चर होने के बाद अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने ठान लिया है कि वह चोट को उनका मनोबल गिराने नहीं देंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जहां तक मुझे याद है, मैं बिना रुके काम कर रही थी।

इसलिए, छह सप्ताह के लिए शूटिंग से बाहर रहने का विचार मेरे लिए बहुत अलग है। मुझे पता है कि मैं बेकार नहीं बैठूंगी। मुझे पता है कि मैं एक बाधा को काम करने से रोकने नहीं दूंगी।किसी भी चीज को आपको हतोत्साहित न करने दें।

अपने लक्ष्यों पर काम करने के लिए खुद को तैयार करें, और फिर जादू देखें!अभिनेत्री ने ओरिसन स्वेट मार्डेन के एक उद्धरण के साथ खुद को योग करते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें लिखा था, जब हम साहसपूर्वक बाधाओं से लड़ने का मन बनाते है तो अधिकांश बाधाएं दूर हो जाती हैं।फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स वेब-सीरीज में शिल्पा की शुरुआत है। इसमें अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा भी हैं।

कमल हासन अभिनीत विक्रम ने सिनेमाघरों में पूरे किए 75 दिन

निर्देशक लोकेश कनकराज की एक्शन एंटरटेनर फिल्म विक्रम का ड्रीम रन जारी है, जिसमें अभिनेता कमल हासन, विजय सेतुपति और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं और फिल्म अब सिनेमाघरों में 75 दिन पूरे कर चुकी है। घोषणा करने के लिए ट्विटर पर लिखा, फिल्म का निर्माण करने वाले अभिनेता कमल हासन के प्रोडक्शन हाउस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने कहा, भारतीय सिनेमा की बाजीगरी। हैशटैग-75डेजऑफविक्रम और काउंटिंग !फिल्म ने पहले ही रिकॉर्ड बुक में अपनी जगह बना ली है, तमिलनाडु में सभी मौजूदा बॉक्स-ऑफिस पर रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इसने राज्य में सिर्फ 17 दिनों में 155 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म का ओवरऑल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन जून में ही 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया था। अब भी फिल्म का सिनेमाघरों में जोरदार प्रदर्शन जारी है। दिलचस्प बात यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 8 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म के बावजूद सिनेमाघरों में ड्रीम रन जारी है। विक्रम, जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है, ने न केवल भारतीय व्यापार जगत को प्रभावित किया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को भी अचंभित कर दिया है। लोकेश कनगराज द्वारा लिखित और निर्देशित, कमल हासन, विजय सेतुपति, फहद फासिल और सूर्या अभिनीत यह फिल्म 3 जून को दुनिया भर में रिलीज हुई थी।

रश्मि देसाई शार्ट ड्रेस में लेग्स फ्लॉन्ट करती आई नजर,हॉटनेस का लगाया तड़का

टेलीविजन एक्ट्रेस और भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग से हलचल मचाने वाली रश्मि देसाई अब बेहद ग्लैमरस हो गई हैं. आए दिन इंटरनेट सेंसेशन बनी रहती है. पिछले कुछ दिनों से रश्मि के एक से बढ़कर एक ग्लैमरस फोटोशूट्स सामने आ रहे हैं. जिनमें उनका बेहद ग्लैमरस अवतार देखने को मिल रहा है. आएं दिन रश्मि अपने फोटोशूट से इंस्टाग्राम का तापमान बढ़ाती रहती है. हाल ही में रश्मि ने एक और नया फोटोशूट करवाया है. जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही सबकी नजरें रश्मि पर टिकी रह गई हैं. रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और सिजलिंग फोटो से भरा हुआ है. हाल में हुए फोटोशूट में एक्ट्रेस काफी हॉट दिख रही हैं. फैंस उनकी तस्वीरों पर से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं. इस लुक में रश्मि देसाई शॉर्ट हाई थाई स्लिट ड्रेस में अपने लेग्स फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं. इंटरनेट पर रश्मि के इस बोल्ड लुक को काफी पसंद किया जा रहा है. रश्मि देसाई के इस लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने ऑफ शोल्डर आउटफिट को बेहद कॉन्फिडेंट के साथ कैरी किया हुआ है. प्लंजिंग नेकलाइन वाली इस ड्रेस में एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक बोल्ड पोज दिए हैं. इस ड्रेस के साथ एक्ट्रेस ने लेयर्ड ज्वेलरी कैरी की हुई हैं. लाइट मेकअप और लो पोनीटेल में एक्ट्रेस बेहद सिजलिंग लग रही हैं. इन तस्वीरों में रश्मि ने अपनी टोन्ड बॉडी और हॉट लुक को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही है. कुछ ही देर में एक्ट्रेस की तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं.

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ शासन

युग समेटे खड़ा बरगद, झूले कदंब का पेड़
कृष्ण कहें समस्त वृक्षों में, मैं पीपल का पेड़

कृष्ण कुंज

लोकार्पण

19 अगस्त

परंपरागत व जीवन उपयोगी वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण



संवाद 33559/56

- सभी नगरीय निकायों में चिन्हित स्थलों में विकसित किए जाएंगे 'कृष्ण कुंज'
- राज्य के हर ज़िले में वन विभाग को एक एकड़ जमीन का आबंटन
- सांस्कृतिक महत्व के बरगद, पीपल, नीम, कदम्ब एवं अन्य जीवन उपयोगी पौधों का होगा रोपण

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)